

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। शुक्रवार 11 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 364 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## हरियाणा की जीत, भाजपा के रणनीतिक कौशल की जीत है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा में भाजपा की जीत को लोग आश्चर्य से देख रहे हैं। लेकिन ये जीत भाजपा के रणनीतिक कौशल की जीत है। भाजपा को पता था कि हरियाणा में जाट समाज में बड़ी नाराजगी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर थे इसलिए वही टारगेट पर थे।

भाजपा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटा कर जाट समुदाय की नाराजगी को दूर करने के प्रयास करने के बजाय नायब सैनी को मुख्यमंत्री बना कर बहुत धीरे-से गैर जाट का कार्ड चल दिया। नायब सैनी बहुत विनम्र और सभी के लिए उपलब्ध हैं इसलिए उनके नेतृत्व ने मनोहर लाल खट्टर की कई कमियों को पूरा कर दिया। हरियाणा जाट समाज का गढ़ है उन्हें लगता है कि हरियाणा पर जाट मुख्यमंत्री होना चाहिए। भाजपा ने पंजाबी समाज के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बना कर उनकी रियासत छीन ली है। इसलिए वे भाजपा और खट्टर दोनों से नाराज थे। वैसे खट्टर साहब ने कोई ऐसा काम नहीं किया जो अपयश का कारण बना हो।

**कांग्रेस ने जाट समाज की नाराजगी को भुनाने की रणनीति पर काम किया। एक तरह से जाट नेता हुड्डा साहब को पूरी तरह कमान सौंप दी। उनकी मर्जी के 72 टिकट दिए एक तरह से अघोषित हुड्डा ही मुख्यमंत्री थे। कांग्रेस ने बहुत एग्रेसिव प्रचार किया।**



**भाजपा ने अपना चुनाव लो प्रोफाइल में रखा। बिना चर्चा किए गैर जाट मतदाता को यह अहसास कराने में सफलता पाई कि नायब सैनी गैर जाट मतदाता के हित चिंतक हैं। विनम्र हैं, सहज उपलब्ध हैं, लोगों के काम करने में प्रभावी हैं। एक एग्रेसिव, अहंकार, दबंग के सामने विनम्रता, शिष्टता और सम्मानजनक व्यवहार हरियाणा की जनता को भा गया।**

कांग्रेस ने जाट समाज की नाराजगी को भुनाने की रणनीति पर काम किया। एक तरह से जाट नेता हुड्डा साहब को पूरी तरह कमान सौंप दी। उनकी मर्जी के 72 टिकट दिए एक तरह से अघोषित हुड्डा ही मुख्यमंत्री थे। कांग्रेस ने बहुत एग्रेसिव प्रचार किया। जाट समाज जागरूक तो है ही लेकिन वोकल भी है। जाट की नाराजगी को हरियाणा के मतदाता की नाराजगी बना दिया। जाट किसान की नाराजगी को किसान की नाराजगी जाट पहलवान की नाराजगी को पहलवानों की नाराजगी और जाट युवा की नाराजगी को युवा की नाराजगी बना दिया। इस अभियान में कांग्रेस ने बड़ी भूमिका निभाई।

भाजपा ने अपना चुनाव लो प्रोफाइल में रखा। बिना चर्चा किए गैर जाट मतदाता को यह अहसास कराने में सफलता पाई कि नायब सैनी गैर जाट मतदाता के हित चिंतक हैं। विनम्र हैं, सहज उपलब्ध हैं, लोगों के काम करने में प्रभावी हैं। एक एग्रेसिव, अहंकार, दबंग के सामने विनम्रता, शिष्टता और सम्मानजनक व्यवहार हरियाणा की जनता को भा गया। भाजपा ने चुनाव में नेता तो खूब उतारे लेकिन अंदर-अंदर चुनाव को जाट बनाम गैर जाट पर केंद्रित कर दिया। कांग्रेस के एग्रेसिव चुनाव ने आम मतदाता को चुनाव के बाद के दुष्प्रभावों का स्मरण करा दिया।

अगर आपको जाट समाज में भाजपा के गुस्से का अहसास करना हो तो देखो, भाजपा की पिछली सरकार बनवाने वाली जजपा जीरो सीट पाई। इलनो भी केवल दो सीट पा सकी है। भाजपा के दो जाट दिग्गज नेता कैप्टन अभिमन्यु और ओपी धनकड़ चुनाव हार गए। जाट समाज ने वोट की एकजुटता के लिए इन सबको जीरो कर दिया। जाट समाज की कांग्रेस के साथ लामबंदी से गैर जाट में भी लामबंदी का संदेश चला गया। ये सभी इतना धीरे-धीरे और निचले स्तर पर हुआ कि न तो चुनाव विश्लेषक और न कांग्रेस इसे पकड़ पाई और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गई।

# श्रद्धांजलि

# अनमोल 'रतन' खोया रे...

**'अगर आप तेज चलना चाहते हैं तो अकेले चलिए। लेकिन अगर आप दूर तर चलना चाहते हैं तो साथ चलिए।'**
**- रतन टाटा**

### रतन टाटा : जीवन परिचय

सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का 9 अक्टूबर, 2024 को निधन हो गया। उम्र संबंधी परेशानियों की वजह से उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने समूह का हिस्सा होते हुए समूह को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। साल 2000 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मभूषण और साल 2008 में उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके द्वारा नैनो कार से लेकर जगुआर तक लिए गए निर्णयों ने लोगों का नजरिया बदला।

28 दिसम्बर 1937 को बम्बई, ब्रिटिश भारत (वर्तमान मुंबई) में जन्मे रतन टाटा, नवल टाटा और सूनी कमिसारिएट के पुत्र थे। जब रतन टाटा 10 वर्ष के थे, तब वे अलग हो गये। इसके बाद उन्हें उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने जे. एन. पेटिट पारसी अनाथालय से उन्हें गोद लिया। टाटा का पालन-पोषण उनके सौतेले भाई नोएल टाटा (नवल टाटा और सिमोन टाटा के पुत्र) के साथ किया।

रतन टाटा ने कैंपियन स्कूल, मुंबई, कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल, मुंबई, बिशप कॉटन स्कूल, शिमला और रिवरडेल कंट्री स्कूल, न्यूयॉर्क शहर में शिक्षा प्राप्त की। वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र हैं।

**'जीवन में ऊंच नीच होना जरूरी है, ताकि हम आगे बढ़ते रहें। ईसीजी में भी सीधी लाइन का मतलब ये होता है कि हम जिंदा नहीं हैं।' - रतन टाटा**

### प्रमुख पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| 2000 | पद्म भूषण | भारत सरकार |
| 2008 | पद्म विभूषण | भारत सरकार |
| 2008 | मानद डॉक्टर ऑफ लॉ | कैम्ब्रिज विवि |
| 2008 | मानद डॉक्टर ऑफ साइंस | भारत |
| 2008 | मानद नागरिक पुरस्कार | सिंगापुर सरकार |
| 2008 | प्रेरित नेतृत्व पुरस्कार | प्रदर्शन थियेटर |
| 2010 | हैड्रियन पुरस्कार | विश्व स्मारक कोष |
| 2010 | लीजेंड इन लीडरशिप अवार्ड | येल विश्वविद्यालय |
| 2010 | वर्ष का बिजनेस लीडर | एशियाई पुरस्कार |
| 2012 | मानद फेलो | रॉयल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग |
| 2013 | विदेशी सहयोगी | राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी |
| 2014 | सयाजी रत्न पुरस्कार | बड़ौदा मैनेजमेंट एसोसिएशन |
| 2014 | मानद डॉक्टर ऑफ लॉज | यॉर्क विवि, कनाडा |
| 2015 | सयाजी रत्न पुरस्कार | बड़ौदा मैनेजमेंट एसोसिएशन, ऑनोरिस कॉसा, एचईसी पेरिस |
| 2016 | लीजन ऑफ ऑनर के कमांडर | फ्रांस सरकार |
| 2018 | मानद डॉक्टरेट | स्वानसी विश्वविद्यालय |
| 2021 | असम बैभव | असम सरकार |

**'हमें कभी भी अपनी जड़ें भूलनी नहीं चाहिए। हम जिस जगह से आते हैं, उसपर हमें हमेशा गर्व होना चाहिए।'**
**- रतन टाटा**




जन्म : 28 दिसंबर 1937 ● मृत्यु : 9 अक्टूबर 2024

## पंचतत्व में विलीन हुए रतन टाटा
## अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

**मुंबई।** टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध समूह में बदलने का श्रेय रतन टाटा को जाता है। उनका बुधवार को मुंबई के एक अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर किया गया। टाटा का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक दक्षिण मुंबई में नरीमन प्वाइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था।



रतन टाटा का पार्थिव शरीर अब पंचतत्व में विलीन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल हुए। बता दें कि रतन टाटा (86) ने मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली और वह इस अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से भर्ती थे।

### 'वो एक सच्चे देशभक्त थे' : कोविंद

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा, वे सादगी और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। जब भी मैं उन्हें राष्ट्रपति भवन में भोज के दौरान आमंत्रित करता था, इतने प्रसिद्ध उद्योगपति होने के बावजूद, मैंने उनकी विनम्रता देखी कि वे कभी भी हमारे देश के बड़े उद्योगपतियों में से एक नहीं लगते थे, वे एक देशभक्त, एक साधारण व्यक्ति लगते थे और हमेशा प्रोटोकॉल का पालन करते थे. मैंने देखा कि उनकी सोच बहुत अच्छी थी। ज्यादातर उद्योगपति पैसे के लिए उद्योग लगाते हैं, लेकिन वे सभी से कहते थे कि अगर आप लोग उद्योग लगाना चाहते हैं, तो हमेशा राष्ट्रीय हित होना चाहिए. जब हम टाटा समूह के किसी भी उद्योग को देखेंगे, तो हमें उनमें सबसे ज्यादा राष्ट्रीय हित ही दिखेगा।

### रतन टाटा को अमित शाह और सीएम सावंत ने दी श्रद्धांजलि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने गुरुवार को मुंबई के पहुंच कर रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि गोवा सरकार और गोवा की जनता की ओर से मैं उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। रतन टाटा जैसे महान उद्योगपति ने औद्योगिक जगत में अपना और देश का नाम बनाया है।

इससे पहले उन्होंने दिल्ली स्थित ह्यपीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीह्ल के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा ट्रस्ट ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और कैंसर देखभाल जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यटाटा की विरासत आने वाले वर्षों में सभी व्यापारियों लिए प्रेरणा बनी रहेगी। वह सभी व्यवसायियों के लिए एक आदर्श बने रहेंगे।ह्लह्ल गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को मुंबई में उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। वह भारत सरकार की ओर से टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित उद्योगपति ने प्रमुख भारतीय व्यापार समूह के प्रमुख का पद उस समय संभाला, जब टाटा कंपनियों को बदलाव की आवश्यकता थी।

### मोदी-राहुल और बिजनेस घरानों ने जताया शोक



**टाटा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन :** हम अत्यंत दुख के साथ रतन टाटा को विदाई दे रहे हैं। समूह के लिए टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं ज्यादा थे। मेरे लिए वे एक गुरु, मार्गदर्शक और मित्र थे।



**राष्ट्रपति मुर्मू :** भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉपोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।



**पीएम नरेंद्र मोदी :** टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।



**राहुल गांधी :** रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।



**मुकेश अंबानी :** ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना ना सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है।



**गौतम अडाणी :** भारत ने एक महान और दूरदर्शी व्यक्ति खो दिया है। टाटा ने मॉडर्न इंडिया के पाथ को रीडिफाइन किया। टाटा सिर्फ एक बिजनेस लीडर नहीं थे, उन्होंने करुणा के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया।



**आनंद महिंद्रा :** मैं रतन टाटा की अनुपस्थिति को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। रतन टाटा को भुलाया नहीं जा सकेगा, क्योंकि महापुरुष कभी नहीं मरते।



**सुंदर पिचाई :** रतन टाटा से पिछली मुलाकात के दौरान उनका विजन सुनना मेरे लिए प्रेरणादायक था। वे एक्स्ट्राऑर्डिनरी बिजनेस लीगेसी छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में मॉडर्न बिजनेस लीडरशिप को मार्गदर्शन देने और डेवलप करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।









## अनमोन 'रतन' के खोने पर पूरा भारत रोया









## बंगला भाजपा को मुबारक हो, हम दिल्ली की जनता की सेवा करेंगे : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा 'मुख्यमंत्री आवास' सील किए जाने के बाद गुरुवार को कहा कि उन्हें न बंगले का लालच है, न किसी अन्य सुविधा का। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, हम राजनीति में न ही बंगले में रहने आए हैं, न ही कोई सरकारी सुविधा प्राप्त करने। राजनीति में आने का हमारा मुख्य उद्देश्य सिर्फ जनता की सेवा करना है, जो हम किसी भी कीमत पर करके रहेंगे। हमें ऐसा करने से कोई नहीं रोक सकता है। अगर जरूरत पड़ी, तो हम सड़क पर बैठकर भी दिल्ली की जनता की सेवा करेंगे। यह सभी गाड़ी-बंगले भाजपा को मुबारक हों। उन्होंने आगे कहा, ह्लभारतीय जनता पार्टी इसलिए परेशान है कि वह आम आदमी पार्टी को



हरा नहीं पा रही है। भाजपा चुनाव लड़ती है, लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ती है। भाजपा सिंगल डिजिट से ज्यादा विधायकों की संख्या नहीं कर पा रही है। भाजपा चुनाव हार जाती है, तो इनकी सरकार नहीं बन पाती है। इनका कोई मुख्यमंत्री नहीं बन पाता है और जब इनका कोई मुख्यमंत्री नहीं बन पाता है, तो ये लोग ऑपरेशन लोटस शुरू कर देते हैं, ताकि अन्य दलों की सरकार को गिराया जा सके। यह लोग इसी कोशिश में लगे रहते हैं कि कैसे भी करके, खरीद-फरोख्त करके अपनी सरकार बना लें, लेकिन भाजपा के लोग यह भी नहीं कर पाए। इसके बाद इन लोगों ने तीसरा पैंतरा अपनाना शुरू कर दिया। इन लोगों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल भेजना शुरू कर दिया, ताकि हमारी पार्टी तोड़कर अपना मुख्यमंत्री बना सकें, लेकिन यह भी नहीं हो सका, इसलिए अब भाजपा के लोग मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा जमाने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा, अगर भाजपा को मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करके मन की शांति मिलती है, तो उनका स्वागत है। मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि हम लोग बड़े बंगलों और गाड़ियों के लिए राजनीति में नहीं आए हैं, हम जनता की सेवा करने आए हैं और वह हम करके रहेंगे। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग ने बुधवार को मुख्यमंत्री आतिशी का समान उस बंगले से बाहर रख दिया था जिसे हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खाली किया था। इस पर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया सहकारी क्रय-विक्रय समिति के कार्यालय का उद्घाटन







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को सहकारी क्षेत्र की शीर्ष संस्था कृभको द्वारा गाजियाबाद सहकारी क्रय- विक्रय समिति लिमिटेड को अंगीकृत किया गया।

कार्यक्रम में कृभको द्वारा गाजियाबाद सहकारी क्रय विक्रय समिति को कार्यालय के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने शिरकत की कार्यक्रम की। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने की तथा विशिष्ट तिथि के तौर पर कृभको प्रतिनिधि एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद प्रताप सिंह, डायरेक्टर अमित रंजन व हरिकांत शर्मा शामिल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा नवनियुक्त कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री द्वारा सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शीता बनाए रखने के उद्देश्य से सभी समितियां को कंप्यूटरकरत किया जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार की कोई संभावना ना रह सके।

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत एवं समिति के उपाध्यक्ष संदीप चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से सभी अतिथियों एवं कृभको से आए अधिकारियों का तथा समिति संचालकों का हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से समिति संचालक विजय सिंह, कर्मवीर शर्मा, लीलू राम, सुभाष शर्मा, लक्ष्मी देवी आदि लोग उपस्थित रहे ।

### कपिल देव ने रतन टाटा की विनम्रता को याद किया

**नई दिल्ली।** भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा को उनकी विनम्रता और जानवरों के प्रति प्रेम के लिए याद करते हुए कहा कि वह स्वतंत्रता के बाद की देश की शीर्ष 10 हस्तियों में शामिल रहेंगे।

इंडिया इंक के दिग्गज और टाटा समूह के प्रमुख रतन टाटा का बुधवार को मुंबई में निधन हो गया। कपिल ने गोल्फ के एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, स्वतंत्रताके बाद से अगर हमें 10 महान हस्तियों को चुनना है तो वह इसमें नीचे नहीं बल्कि सबसे ऊपर होंगे। उन्होंने एक उदाहरण पेश किया कि कैसे एक उद्योग बनाया जाना चाहिए और यह भी अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए। कपिल ने कहा, मैं उनसे कई बार मिला हूं। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा था और उन्हें जानवरों से बहुत प्यार था, मुझे सबसे ज्यादा यही पसंद था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 11 अक्टूबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## राजकीय सम्मान के साथ हुआ रतन टाटा का अंतिम संस्कार

**मुंबई ।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन और दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का गुरुवार को मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को वर्ली श्मशान घाट पर श्रद्धांजलि दी।

इससे पहले उनका पार्थिव शरीर एनसीपीए ग्राउंड में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, यहां उन्हें देशभर की नामी हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

दरअसल, उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन नवल टाटा का बुधवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। 86 वर्षीय टाटा पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उनकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बुधवार देर रात उन्होंने ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

वहीं, उद्योगपति टाटा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने दुख जताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, ₹रतन टाटा के दुखद निधन से भारत ने एक ऐसे प्रतीक को खो दिया है, जिसने राष्ट्र निर्माण के साथ कॉर्पोरेट विकास और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया।

### भाजपा के पूर्व पार्षद ने उठाया कूड़ा ना उठाने का सवाल
## सफाई नायक और सैनेटरी सुपरवाइजर ने कहा भर चुके हैं निगम के सभी डंपिंग ग्राउंड

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव लगातार जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाते हैं। वो वार्ड-39 से भाजपा पार्षद रहे हैं और भाजपा के पूर्व पार्षद ने अपने ही क्षेत्र में कूड़ा न उठने को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर पूछ लिया है कि अगर शहर का कूड़ा ऐसे ही पड़ा रहेगा तो नगर निगम कूड़ा उठाने का पैसा यानि यूजर चार्ज निवासियों से क्यों ले रहा है।

पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और उन्हें बताया कि वार्ड नं-39 नासिरपुर राकेश मार्ग के आरके बैंक्वट वाली गली में मेरा निवास है और मैं वार्ड-39 से ही पूर्व निगम पार्षद हूं। हिमांशु लव ने मनमोहन वैद्य मार्ग से कूड़ा न उठाए जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कई बार सफाई नायक और माली सुपरवाइजर तथा








क्षेत्रीय सैनेटरी इंस्पेक्टर संजीव कुमार को फोन के माध्यम से सूचित किया गया, लेकिन उनके द्वारा यही कहा गया कि नगर निगम के सभी डंपिंग ग्राउंड भर चुके हैं। नगर निगम के पास कूड़ा डालने के लिये कोई डंपिंग ग्राउंड नहीं है।

पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र के माध्यम से यही पूछा है कि क्या इसका मतलब यही निकाला जाए कि नगर निगम के पास कोई डंपिंग ग्राउंड नहीं है। इसका मतलब यह माने कि शहर का कूड़ा ऐसे ही पड़ा रहेगा। अगर ऐसा है तो नगर निगम कूड़ा उठाने का पैसा यानि यूजर चार्ज निवासियों से क्यों ले रहा है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने यह भी पूछा है कि मैं पूर्व निगम पार्षद हूं तो इसका मतलब यह तो नहीं है कि जहां मैं निवास करता हूं उस गली की उपेक्षा की जा रही है। हिमांशु लव ने अपने पत्र से अपनी पीड़ा का एहसास कराया है।

## दिल्ली पहुंच चुकी है शहर वाले पांच दावेदारों की लिस्ट
### आ गए कहानी में तीन वैश्य चेहरे, एक ब्राह्मण और एक पंजाबी फेस वाला ट्विस्ट








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फेस्टिवल सीजन में इलैक्शन का सीजन आ गया है। एक विधानसभा सीट पर चुनावी माहौल रहेगा। शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। दावेदानों का सबसे बड़ा मेला भाजपा में हैं और इस दर से लेकर उस दर तक माथा टेका जा रहा है। सियासी पारा चढ़ने लगा है। भाजपा वाले किसी सर्वे रिपोर्ट का जिक्र कर रहे हैं, संगठन वाले समीकरण की बात कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के खेमे से आवाज आ रही है कि सांसद पैनल से तीन नाम जाएंगे। दावेदारों की रिपोर्ट की बात हो रही है। इन सबके बीच खबर लखनऊ से है और वो ये है कि सर्वे समीरकरण पैनल से लेकर समाज वाले चैनल तक गेम को अब ओवर मानकर चलो। जो नाम छन्नी से छाने जाने वाले थे वो छन चुके।

जिन नामों को लेकर कन्नी काटने वाला सीन था वो कन्नी काटी जा चुकी और पांच नामों पर फोकस होने के बाद बाकी की लिस्ट तो काटी जा चुकी है। लखनऊ वाले विश्वनीय सूत्र बता रहे हैं कि पहले रिपोर्ट यहां लगी है। प्रदेश से लिस्ट फाइनल हुई है और अब ये लिस्ट लखनऊ से दिल्ली पहुंच चुकी है। सूत्र बताते हैं कि इस लिस्ट में पांच नामों वाला ट्विस्ट है। पांच नामों में तीन वैश्य चेहरों के नाम हैं। एक नाम ब्राह्मण चेहरे का है और पंजाबी समाज से भी एक नाम पहुंचा है। अब इन पांच चेहरों के नाम पर मंथन होना है। सूत्र बताते हैं कि यहां फैक्टर जाति का आ गया है और फोकस भी इसी बात पर है। अब केवल जाति के समीरण को सेट होना है। जातिगत फेक्टर पर मंथन, चिंतन सब कुछ होना है। अब दिल्ली से ये तय होगा कि कौन सी बिरादरी का भाजपाई चेहरा शहर सीट पर चुनावी मैदान में उतारा जाए। सबसे खास बात ये है कि अब नाम से ज्यादा जाति पर फोकस होगा और इन्हीं तीन समाजों में से किसी एक चेहरे का नाम भगवा उम्मीदवार के रूप में सामने आ जाएगा।

# डासना में महापंचायत को लेकर पुलिस-प्रशासन का इंकार
# हिंदू संगठनों और लोनी विधायक ने भरी हुंकार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डासना में 13 अक्टूबर को हिंदुओं की 36 बिरादरियों ने महापंचायत की घोषणा की हुई थी। तो हिंदूवादी संगठनों ने यति महाराज की सुरक्षा और न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की। इस महापंचायत के आयोजन को लेकर कई हिंदूवादी संगठनों और शहर के प्रमुख संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से मुलाकात की, उनको ज्ञापन सौंपा कि वह शांतिपूर्वक ढंग से मंदिर में महापंचायत करेंगे और पूजा अर्चना करेंगे।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है की धारा-163 लागू होने की वजह से महापंचायत करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। तो उधर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों का भी इस मामले को लेकर सुरक्षा के लिहाज से अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस का स्पष्ट निर्देश है कि महापंचायत नहीं होने दी जाएगी।

अभी भी पुलिस कमिश्नरेट में डासना क्षेत्र सहित कई थानाक्षेत्रों में पुलिस की तैनाती के साथ ही फ्लैग मार्च प्रतिदिन निकाल रही है। उधर हिंदूवादी संगठनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया, तो उसके कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने ज्ञापन देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसको लेकर हिंदू संगठन उग्र हो गए हैं।

इसी मामले में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से हिंदू संगठन के आयोजन को रोकने का काम पुलिस कर रही है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद सभी लोग मान गए थे लेकिन अब पुलिस दबाव में लेकर इस महापंचायत को रोकना चाहती है। जिस पर उन्होंने घोषणा की है कि वह भी डासना और आसपास के लोगों के साथ बैठक करेंगे।

उन्होंने दावा किया है कि इसमें एक लाख से अधिक की भीड़ जमा हो सकती है। उधर आज शुक्रवार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलर्ट रखा गया है। पुलिस के आलाधिकारी और कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कायम की जाएगी।

### पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आज फ्राईडे को लेकर रहेगा विशेष अलर्ट



### हर हाल में महापंचायत करेंगे : डा. उदिता त्यागी



करंट क्राइम : डा. उदिता त्यागी ने कहा है कि इस पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की गई थी। पुलिस ने धारा-163 का हवाला दिया था, तो उन्होंने भी कहा था कि वहां के हालात को देखते हुए महापंचायत नहीं की जानी चाहिए, जिसको सभी लोग मान गए थे लेकिन जिस तरीके से पुलिस ने हमारे प्रमुख महेश आहूजा जो की एक वरिष्ठ नागरिक भी हैं, उन पर मुकदमा लिखा है यह है निंदनीय है। अब हिंदू संगठन फैसला कर चुके हैं कि 13 अक्टूबर को डासना में महापंचायत की जाएगी। इसमें सभी हिंदू संगठनों और उनसे जुड़े पदाधिकारी को आमंत्रित किया जा रहा है। महापंचायत को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं।

### ज्ञापन के बाद एफआईआर होने से हिंदू संगठन हुए आक्रोशित, डा. उदिता त्यागी बोलीं अब होगी महापंचायत

करंट क्राइम : गुरुवार को हिंदू संगठनों ने जिलाधिकारी से शिव शक्ति धाम डासना में 13 अक्टूबर को होने वाली हिंदुओं की महापंचायत को देखते हुए डासना में उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रार्थना की थी। इस पर जिलाधिकारी ने धारा-163 पूर्व की धारा-144 का हवाला दिया था और महापंचायत नहीं होने की जानकारी दी थी। यह लोग ज्ञापन देकर निकले, ज्ञापन देने वालों में उदिता त्यागी, महेश आहूजा, विनोद सर्वोदय, अक्षय त्यागी, अनिल महावीर के साथ ही श्याम सुंदर त्यागी, अनिल अरोड़ा, विनय कक्कड़, जगदीश यादव ,प्राची सक्सेना, मनिहार पंवार, किरण केशव कुमार, नरेंद्र त्यागी, संजय बागड़ी, राजू त्यागी सहित कई लोग थे। दोपहर बाद पुलिस ने महेश आहूजा सहित हिंदू संगठन के लोगों पर मुकदमा लिख दिया, जिसके बाद यह आक्रेशित हो गए हैं।



### लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर बोले वह भी पहुंचेंगे डासना



करंट क्राइम : डासना में महापंचायत को लेकर विरोध बढ़ रहा है। पुलिस-प्रशासन ने जहां इसे धारा-163 लागू होने की वजह से ना आयोजित किए जाने का फरमान सुनाया, तो हिंदूवादी संगठन करने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से पुलिस ने जिलाधिकारी से मिलने वाले हिंदूवादी पदाधिकारी पर मुकदमा लिखा है यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि वह डासना और आसपास के लोगों के साथ मिलकर बैठक करेंगे और 13 तारीख को होने वाली महापंचायत में भी जाएंगे। जिसमें बड़ी संख्या में लोग आने की तैयारी कर रहे हैं।

### यतेंद्र नागर ने भी महापंचायत का किया समर्थन



करंट क्राइम : नंदकिशोर गुर्जर के पुराने साथी और छात्र नेता रहे यतेंद्र नागर जो कि वर्तमान में दूधेश्वर सेना से जुड़े हैं, उन्होंने कहा है कि 13 तारीख को डासना में होने वाली महापंचायत में बड़ी संख्या में हिंदुओं को आमंत्रित किया गया है। वह भी इस महापंचायत में रहेंगे। जिस प्रकार से डासना मंदिर का घेराव और प्रदर्शन किया गया था वह ठीक नहीं था। इसी को लेकर वह महापंचायत के समर्थन में आ गए हैं।

### महापंचायत की नहीं है अनुमति, पुलिस रहेगी तैनात : डीसीपी ग्रामीण



करंट क्राइम : ग्रामीण जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि 13 अक्टूबर को डासना में महापंचायत करने की अनुमति नहीं है। यहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी प्रकार से माहौल नहीं खराब होने दिया जाएगा। महापंचायत को लेकर सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

## पवन गोयल ने माता की चौकी से कराया ये एहसास संबंधों का एक बड़ा काफिला लेकर चल रहे हैं वो अपने साथ





**पवन गोयल संघर्षशील भाजपा के चेहरे हैं। सबसे कम उम्र में निगम पार्षद बनने का रिकॉर्ड उनके नाम है। वो सियासी फील्ड पर नाइस हैं और वो दूसरे मायनों में भगवा सियासत के पुराने राइस हैं। भाजपा की क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और शहर विधानसभा सीट से वो लगातार दो योजनाओं से दावेदारी में हैं।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल भाजपा की राजनीति का प्रभावशाली नाम माना जाता है। वो उस समय की भाजपा के नेता हैं जब भाजपा सड़कों पर संघर्ष कर रही थी। पवन गोयल उस संघर्षशील भाजपा के चेहरे हैं। सबसे कम उम्र में निगम पार्षद बनने का रिकॉर्ड उनके नाम है। वो सियासी फील्ड पर नाइस है और वो दूसरे मायनों भगवा सियासत के पुराने राइस हैं। भाजपा की क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और शहर विधानसभा सीट से वो लगातार दो योजनाओं से दावेदारी में हैं।

इस बार भी उनका नाम दावेदारी में है। हालांकि पवन गोयल ने अपने परिवार के साथ माता की चौकी जैसे धार्मिक आयोजन को अपने पारिवारिक विशेष कारण से किया। पवन गोयल लीडर हैं तो उन्होंने सभी को दिल से निमंत्रण भी दिया और राजनीतिक व्यक्ति के यहां आयोजन में प्रयोजन से ज्यादा यह देखा जाता है कि उनके निमंत्रण पर संयोजन कितना हुआ। पवन गोयल के यहां उनके निमंत्रण पर भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे, भाजपा के सभी नेता पहुंचे और सबसे बड़ी बात ये है कि पक्ष के नेता ही नहीं बल्कि विपक्ष के नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

एक एहसास हुआ कि पवन गोयल अपने साथ संबंधों एक बड़ा काफिला लेकर चल रहे हैं। जिस सीट से पवन गोयल दावेदारी कर रहे हैं उसी सीट पर उपचुनाव होना है। ऐसे में पवन गोयल के इस आयोजन का सियासी कनेक्शन जोड़कर देखा ही जायेगा। चुनाव पास हैं तो पॉलिटिकल नजरिये से सब थिंक भी करेंगे और उसे सियासी रूप से लिंक भी करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पवन गोयल ने एक नेता के रूप में इस आयोजन से अपनी सियासी ताकत का मुलाहिजा भी किया है।

पवन गोयल का परिवार वैश्य समाज का प्रतिष्ठित परिवार माना जाता है। उनके पिता फतेहचंद गोयल वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और वैश्य समाज के प्रतिष्ठित चेहरों में गिनती होती है। यह परिवार शिक्षित और संस्कारी परिवार माना जाता है। भाजपा के प्रति पूरे परिवार का समर्पण सब जानते हैं और भाजपा के संघर्ष वाले दिनों संघर्षशील चेहरे के रूप में पवन गोयल ने पहचान कायम की है। शहर सीट पर अगर दावेदारी की बात है तो अनुभव, समर्पण और सक्रियता तीनों ही मानकों पर पवन गोयल फिट बैठते हैं।

## सितंबर माह की रैंकिंग में लोनी थाना रहा टॉप तो 25 थानों में साहिबाबाद थाना हुआ फ्लॉप

### टॉप 10 में देहात जोन के 07 थाने, दो सिटी से और एक ट्रांस हिंडन का

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आने वाले 25 थानों की महीनावार रैंकिंग में सितंबर माह की रैंक जारी की गई है। सितंबर माह की रैंकिंग के अनुसार लोनी थाना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्किंग के लिहाज से टॉप पर आया है, जबकि साहिबाबाद थाना 25वें स्थान की रैंकिंग में लिस्ट में सबसे अंतिम नंबर पर रहा। 25 थाने और तीन जोन वाले इस पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में टॉप टेन की स्थिति में इस बार ग्रामीण जोन का डंका बज रहा है। तो वहीं सिटी और ट्रांस हिंडन जोन की स्थिति उतनी मजबूत नहीं नजर आई है, जितनी देहात जोन की दिख रही है।

टॉप टेन वाली रैंकिंग में सात थाने देहात से हैं तो दो थाने सिटी और एक थाना नदियापार वाले ट्रांस हिंडन जोन का शामिल हुआ है। अपराध नियंत्रण से लेकर कई तरह के मामलों को लेकर जारी हुई इस लिस्ट में देहात का जलवा नजर आया है।

### लोनी, इंदिरापुरम, क्रॉसिंग और सिहानी गेट की दिखी हार्ड वर्किंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सितंबर माह की जो रैंकिंग रिपोर्ट आई है, उसमें टॉप 10 में 10 थाने हैं। पहले नंबर पर लोनी थाना है, तो दूसरे नंबर पर मोदीनगर, तीसरे नंबर पर मुरादनगर, चौथे नंबर पर ट्रांस हिंडन जोन का इंदिरापुरम थाना है। तो वहीं देहात जोन में शामिल क्रॉसिंग रिपब्लिक, ट्रॉनिका सिटी, मसूरी, लोनी, लोनी बॉर्डर देहात जोन के थाने शामिल हैं। सिटी में सिहानी गेट और मधुबन बापूधाम थाने की वर्किंग टॉप 10 की लिस्ट में आई है।




### साहिबाबाद और कौशांबी की वर्किंग पर उठे सवाल




करंट क्राइम : थाना की रैंकिंग रिपोर्ट में साहिबाबाद थाना 25वें स्थान की रैंकिंग लिस्ट में 25वें स्थान पर है। तो कौशांबी थाने की रैंकिंग भी 24 नंबर पर है। वहीं 23 नंबर पर विजयनगर थाने का नंबर रहा है। तीनों ही थानाक्षेत्र में बीते कुछ दिनों के दौरान ताबड़तोड़ मुठभेड़ और खुलासे हुए हैं। उम्मीद की जा रही है कि अक्टूबर की जो नवंबर माह में रैंकिंग रिपोर्ट आएगी, उसका असर उसमें देखने को अवश्य मिलेगा।

## संपादकीय

# उद्योग जगत का महानायक

भारत के व्यापार जगत में एक युग का अंत हो गया है। रतन टाटा, जो भारतीय उद्योग और समाज में अपनी सादगी, नेतृत्व क्षमता और दानशीलता के लिए जाने जाते थे, अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी असाधारण जीवनशैली, विनम्रता, और व्यवसायिक दृष्टिकोण ने उन्हें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में एक आदर्श व्यक्ति बना दिया था। उनका नाम हमेशा टाटा समूह की महान उपलब्धियों और मानवता की सेवा के लिए किए गए महान कार्यों के साथ जुड़ा रहेगा। रतन टाटा का जीवन एक ऐसी कहानी है, जिसे सादगी और दृढ़ संकल्प के साथ एक उद्योगपति के रूप में जीवन जीने के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को मुम्बई में हुआ था। वे टाटा परिवार के सदस्य थे, जो भारतीय व्यापार जगत के सबसे बड़े और सम्मानित परिवारों में से एक है। रतन टाटा की परवरिश उनके दादा-दादी के साथ हुई, क्योंकि उनके माता-पिता का तलाक हो गया था, जब रतन सिर्फ 10 साल के थे। उनकी शिक्षा अमेरिका के कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग में हुई, और उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम भी पूरा किया।

**नेतृत्व की ज़िम्मेदारी**: 1991 में, जेआरडी टाटा ने रतन टाटा को टाटा समूह का अध्यक्ष नियुक्त किया। उस समय, यह निर्णय विवादास्पद था क्योंकि कई लोग इसे उचित नहीं मानते थे। टाटा समूह उस वक्त कई अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ था और इसमें एक मजबूत नेतृत्व की जरूरत थी। रतन टाटा ने अपनी समझदारी, मेहनत और दूरदर्शिता से न केवल समूह को संगठित किया, बल्कि उसे एक वैश्विक ब्रांड में तब्दील कर दिया। टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने टाटा इंडस्ट्रीज, टेटली, कोरस, जगुआर लैंड रोवर, और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसे ब्रांड्स को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। 2000 में टेटली का अधिग्रहण और 2008 में जगुआर लैंड रोवर का अधिग्रहण उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक था, जो उनके व्यावसायिक कौशल और दूरदर्शिता का प्रतीक था। उनके नेतृत्व में, टाटा मोटर्स ने नैनो कार का निर्माण किया, जो दुनिया की सबसे सस्ती कार के रूप में जानी गई।

**सादगी की मिसाल** : रतन टाटा की सादगी और विनम्रता हमेशा उनकी पहचान रही। उनका जीवन और कार्यशैली दिखावे से बहुत दूर थी। रतन टाटा अकेले वीआईपी थे, जो बिना किसी सहायक के अपने बैग और फाइलें उठाकर यात्रा करते थे। 1992 में इंडियन एयरलाइंस द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में, उन्हें दिल्ली-मुंबई उड़ान के दौरान सबसे प्रभावशाली यात्री के रूप में चुना गया था। फ्लाइट अटेंडेंट्स ने बताया कि रतन टाटा कभी अपनी पसंदीदा कॉफी न मिलने पर शिकायत नहीं करते थे, बल्कि अपने काम में व्यस्त रहते थे। नकी सादगी का एक और उदाहरण तब सामने आया जब उन्होंने टाटा संस के प्रमुख बनने के बाद जेआरडी टाटा के कार्यालय में बैठने के बजाय अपने लिए एक साधारण कमरा बनवाया। वे कुत्तों से बेहद प्यार करते थे, खासकर अपने दो जर्मन शेफर्ड टीटो और टैंगो से। बॉम्बे हाउस, जो टाटा समूह का मुख्यालय था, में वे अक्सर आवारा कुत्तों को अपने साथ लिफ्ट में लेकर जाते थे और उनकी देखभाल करते थे।

**मानवीय दृष्टिकोण और दानशीलता** : रतन टाटा को सिर्फ एक सफल उद्योगपति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक महान दानदाता के रूप में भी जाना जाता है। उनके दान कार्यों की लिस्ट काफी लंबी है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास में अनेक परियोजनाएं शुरू कीं। उन्होंने टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट की स्थापना की, जो शिक्षा के क्षेत्र में कई गरीब बच्चों की सहायता करता है। उनकी परोपकारिता का एक और उदाहरण तब देखने को मिला जब उन्होंने ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स द्वारा दिए जा रहे रॉकफेलर फाउंडेशन लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार को ठुकरा दिया क्योंकि उस दिन उनका कुत्ता बीमार था। यह उनके जीवन के मानवीय पहलू को दर्शाता है।

# तेजी से डिजिटल हो रहा भारत

## दो वर्षों में बदली देश की तस्वीर : सर्वेक्षण



**नई दिल्ली।** मोबाइल टेलीफोन की कम दरें (लो-कॉस्ट मोबाइल टेलीफोनी) भारत को डिजिटल बनाने की राह पर लाने में मददगार रही हैं। वर्ष 2022-23 में 15 वर्ष से ज्यादा उम्र के 85 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे थे। मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों का यह आंकड़ा ठीक दो वर्ष पहले 2022-21 में 70.2 प्रतिशत था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रिलीज किए गए एक सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई है। भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में भी दो वर्षों में काफी सुधार देखा गया है। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी बताती है कि 2020-21 में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों का आंकड़ा 41.8 प्रतिशत था। वहीं, 2022-23 में यह बढ़कर 59.8 प्रतिशत हो गया। इनमें 15-29 आयु वर्ग के लोग 84.2 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की 78.7 प्रतिशत महिलाएं एक्टिव मोबाइल कनेक्शन का इस्तेमाल कर रही हैं। ठीक दो वर्ष पहले इस उम्र वर्ग की केवल 56.7 प्रतिशत महिलाएं ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रही थी। वहीं, 2020-21 में 83.2 प्रतिशत पुरुष ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रहे थे। ठीक दो वर्ष बाद 2022-23 में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का यह आंकड़ा 91.4 प्रतिशत पहुंच गया।

इस नए सर्वेक्षण के अनुसार, ₹हर 5 में से 2 व्यक्ति बैंकिंग लेन-देन करने में सक्षम है। वहीं, 43.4 प्रतिशत लोग अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईमेल भेजने में कर सकते हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, लगभग 94 प्रतिशत आबादी के पास उनके निवास स्थान से दो किलोमीटर के भीतर बारहमासी सड़कों तक पहुंच थी और शहरी क्षेत्रों में 93.7 प्रतिशत लोगों के पास 500 मीटर के भीतर परिवहन सेवा उपलब्ध थी। स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता में दो वर्ष पहले की तुलना में सुधार हुआ है और यह लगभग पूर्ण हो गई है। शहरी क्षेत्रों में जेब से किया जाने वाला खर्च घटकर 1,446 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 950 रुपये रह गया, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में भी सुधार का संकेत मिलता है।

## 'स्टार हेल्थ' के 3.12 करोड़ ग्राहकों का डाटा लीक, हैकर ने 1.5 लाख डॉलर रखी कीमत




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक 'स्टार हेल्थ' के ग्राहकों का डाटा टेलीग्राम पर उपलब्ध होने की रिपोर्ट सामने आने के बाद, अब एक हैकर ने कंपनी के 3.1 करोड़ से अधिक ग्राहकों से संबंधित पूरे 7.24 टीबी डाटा को एक वेबसाइट पर 1,50,000 डॉलर में ओपन सेल के लिए डाल दिया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि ₹टारगेटेड दुर्भावनापूर्ण साइबर अटैक की गहन फोरेंसिक जांच चल रही है। हैकर ने ₹10,000 डॉलर में एक लाख प्रविष्टियों की आंशिक बिक्री₹ की पेशकश भी की है। उसने दावा किया है कि बिक्री के लिए उपलब्ध डाटा में स्टार हेल्थ के 57,58,425 ग्राहकों (अगस्त 2024 की शुरूआत तक) के बीमा दावों के साथ-साथ 3,12,16,953 ग्राहकों (जुलाई तक) के कथित बीमा दावा डाटा शामिल हैं। हैकर ने अपना नाम ₹जेनजेन₹ बताया है और जिसका ठिकाना अज्ञात है, उसने वेबसाइट पर लिखा है कि ₹मैं 'स्टार हेल्थ इंडिया' के सभी ग्राहकों और बीमा दावों के संवेदनशील डेटा को लीक कर रहा हूं। हैकर ने दावा किया कि ₹यह लीक स्टार हेल्थ और एलाइड इंश्योरेंस कंपनी द्वारा प्रायोजित है, जिसने मुझे यह डेटा सीधे बेचा है। आप नीचे दिए गए टेलीग्राम बॉट्स में डेटा की प्रामाणिकता की जांच कर सकते हैं और पढ़ सकते हैं कि उन्होंने इसे कैसे बेचा। लीक हुए डाटा में कथित तौर पर पूरा नाम, पैन नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, आवासीय पता, बीमित व्यक्ति की जन्म तिथि, बीमित व्यक्ति का नाम, लिंग, पहले से मौजूद बीमारियां, पॉलिसी नंबर, स्वास्थ्य कार्ड, नामांकित व्यक्ति का नाम, आयु, दावे, नामांकित व्यक्ति का संबंध, बीमित व्यक्ति की ऊंचाई, वजन, बीएमआई और बहुत कुछ शामिल है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला मेटल और रियल्टी शेयरों में खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र तेजी के साथ खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9:26 बजे सेंसेक्स 200 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,667 और निफ्टी 56 अंक या 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,038 पर था। शुरूआती कारोबार में बाजार का रुझान सकारात्मक था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,689 शेयर हरे निशान में और 475 शेयर लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 334 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 59,423 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 138 अंक या 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,002 पर था। निफ्टी के ऑटो, मेटल, रियल्टी, फिन सर्विस, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, पीएसई और ऑयलएंडगैस इंडेक्स बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। आईटी और फार्मा इंडेक्स में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एमएंडएम, एचसीएल टेक, एलएंडटी, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे। एशियाई



बाजारों में तेजी देखी जा रही है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और सोल के बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, सकारात्मक खुलने के बाद निफ्टी के लिए 24,950 एक अहम सपोर्ट है। अगर यह टूटता है 24,850 और 24,700 तक जा सकता है। वहीं, 25,100 एक रुकावट का स्तर है। अगर निफ्टी यह पार करता है तो 25,200 और 25,300 तक जा सकता है।

# यूरोपीय संघ का प्रस्तावित कार्बन टैक्स मनमाना, भारत के निर्यात को होगा नुकसान



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) ने 1 जनवरी 2026 से अपने यहां आयात होने वाले स्टील, सीमेंट और उर्वरक सहित सात कार्बन-गहन क्षेत्रों पर कार्बन कर लगाने का फैसला किया है। इसके दायरे में इंजीनियरिंग सामान भी आएंगे। उन्होंने कहा, यह यूरोपीय संघ की ओर से पेश किया गया सीमा कर है। इस तरह के कदम व्यापार अवरोध पैदा करने वाले होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) एकतरफा और मनमाना है। इसके कार्यान्वयन के बाद भारत के निर्यात को नुकसान पहुंचेगा। सीतारमण एक शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) ने 1 जनवरी 2026 से अपने यहां आयात होने वाले स्टील, सीमेंट और उर्वरक सहित सात कार्बन-गहन क्षेत्रों पर कार्बन कर लगाने का फैसला किया है। इसके दायरे में इंजीनियरिंग सामान भी आएंगे। उन्होंने कहा, यह यूरोपीय संघ की ओर से पेश किया गया सीमा कर है। इस तरह के कदम व्यापार अवरोध पैदा करने वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ, भारत ने यूरोपीय संघ के समक्ष कई बार अपनी चिंता व्यक्त की है। सरकार लेनदेन की लागत को कम करने के तरीकों पर भी विचार कर रही है। यूरोपीय संघ के इस निर्णय से भारतीय निर्यातकों को नुकसान होगा, क्योंकि भारत के लिए यूरोप शीर्ष निर्यात गंतव्यों में से एक है।

निर्मला सीतारमण ने कहा, 2023-24 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल व्यापार 137.41 अरब डॉलर था, जिसमें आयात 61.48 अरब डॉलर और निर्यात 75.93 अरब डॉलर था।

## राशिफल

**मेष**: अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में लगे रहेंगे जिससे सकारात्मक विकास होगा। एक से अधिक प्रोजेक्ट में शामिल होंगे।

**वृष**: कार्यक्षेत्र में तरक्की के लिए रहेगा। माता-पिता के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। किसी भी कोर्ट केस में फैसला आपके पक्ष में होगा। इससे मन में भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मिथुन**: आज आपको कुछ अकेलापन महसूस हो सकता है, जिससे आप दुखी भी रहेंगे। कुछ छोटी-छोटी असफलताओं के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे।

**कर्क**: दिन उत्तम है जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं या जो खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें अधिक प्रयास करना चाहिए।

**सिंह**: आज आपको परिवार वालों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के पुस्तक विक्रेता के लिए आज का दिन लाभकारी हो सकता है।

**कन्या**: जीवन में व्यापार और नौकरी के क्षेत्र में बड़ी सफलता अर्जित करके समाज में अपनी पहचान बनाएंगे। बदलाव या नौकरी की तलाश करने वालों को निराशा होगी।

**तुला**: व्यावसायिक उपक्रम लाभ ला सकते हैं। अभिनव सौदे लाभदायक होंगे और मददगार लोग किसी भी मुश्किल पैच के माध्यम से आपकी मदद करेंगे।

**वृश्चिक**: ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आमदनी में वृद्धि होने की संभावना है। दिन भर तरोताजा महसूस करेंगे। परिवार का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा।

**धनु**: संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। आप एक दूसरे की भावनाओं को अच्छे से समझ पाएंगे। व्यवसायियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**मकर**: आज बेहतर होगा कि आप अपनी जोखिम लेने की क्षमता पर अंकुश लगाएं, लेकिन जो भी जोखिम आपने पहले ही उठा लिए हैं, उनका उचित प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ**: आज कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा. सभी रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। आज आपका मन अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा।

**मीन**: आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में प्रयास आपको लाभ दिलाएंगे। पुराना कर्ज चुकाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

## चुटकुले

अजय : आपके बेटे की शादी तो तय हो हुई थी, फिर टूट कैसे गई?
विजय : क्या बताएं, लड़का तो इंजीनियर है लेकिन उसने फेसबुक पर डाल दिया था, मैं भी चौकीदार।

---

जो धूप में भी न सूखे उसे पसीना कहते हैं...
और जो आधार कार्ड पर भी सुंदर दिखे...
उसे हसीना कहते हैं...

---

एक महाकंजूस अपने बेटे को पीट रहा था...
पड़ोसी- क्यों पीट रहे हो इस मासूम को?
कंजूस- ये और मासूम?
अरे! एक नंबर का शरारती है ये, मैंने इसे 1-1 सीढ़ी छोड़-छोड़ कर चढ़ने को कहा था।
चप्पल कम घिसेगी...
नालायक, 2-2 सीढ़ी छोड़-छोड़ कर चढ़ा पजामा फट गया...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे अधिक चोरी होने वाले खाद्य पदार्थ पनीर है, इसके साथ ही 4% पनीर बेची जाती हैं, जो चोरी हो जाती हैं।
- कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि नियमित रूप से रोक्फोर्ट ब्लू पनीर खाने से लोगों को लंबे समय तक जीवित रहने में मदद मिलती है। उनके अध्ययन से यह सुझाव मिलता है कि पनीर हृदय संबंधी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है और यह समझा जा सकता है कि फ्रांस की महिलायें दूसरों की तुलना में उनका अब तक का सबसे अधिक जीवनकाल क्यों है! प्राचीन यूनानियों और रोमियों ने पनीर को ललित कला बनाने में पहला स्थान दिया था। बड़े रोमन घरों में भी एक विशेष रसोई थी, जिसे पेरेल कहा जाता था, जिसका इस्तेमाल सिर्फ पनीर बनाने के लिए होता था!
- साल 2014 में पनीर का सबसे बड़ा उपभोक्ता फ्रांस, आइसलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क और जर्मनी था औसतन प्रत्येक व्यक्ति ने उस वर्ष 55 किलो पनीर का सेवन किया था।
- आपको जानकर हैरानी होगी की, पनीर को पचाने पर, यह एक ओपिओइड में टूट जाता है। अन्य ओपिओइड जिन्हें आप जानते हैं वे हेरोइन और मॉर्फिन हैं!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## न्यूज डायरी

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में सड़कों पर अधिक आवागमन होने की प्रबल संभावना के दृष्टिगत प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी की प्रेरणा से एक सप्ताह तक स्कूल में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को दृष्टिगत करते हुए सभी विद्यार्थियों को शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा शपथ दिलाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी ओहरी ने सभी विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से अवगत कराया तथा अपनी सुरक्षा स्वयं करें, इस स्लोगन की जानकारी दी। गौरव कुमार माहेश्वरी व राधिका माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का सुचारू रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### एहसास महिला समिति द्वारी दीपावली मेले का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एहसास महिला समिति के प्रोजेक्ट परिणीता के तत्वावधान मे मोदीनगर में द्वितीय दीपावली मेले का ऐतिहासिक आयोजन परिणीता का प्रयास, खुशियों का एहसास उद्देश्य पर दीपावली मेला आधारित अपनें प्रोजेक्ट परिणीता के तहत घर की लक्ष्मियों के त्यौहार को समर्पित दूसरे दीपावली मेला समारोह का आयोजन होने जा रहा है जो विशेष रूप से महिलाओं के द्वारा महिलाओं के लिए लगाया जायेगा। इस मेले में अपनें घर से ही स्वरोजगार चलाकर जीवनयापन करनें वाली स्वावलंबी महिलाओं को बड़ा मंच देकर उनके हुनर को पंख देने तथा उनके व्यापार में बढ़ोतरी करनें का प्रयास किया जायेगा। गोविन्दपुरी स्थित निष्काम भवन में आयोजित हुई प्रेसवार्ता में एहसास संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों नें इस बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मेले में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से चल रहे गाजियाबाद जनपद से आने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों को भी शामिल किया जायेगा। यह दीपावली मेला दिनांक 13 अक्टूबर को दुल्हन बैंकटहॉल में आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी के लिए प्रवेश नि: शुल्क रहेगा। संस्था की संस्थापक अनुप्रीत कौर के अनुसार सुबह से रात तक चलनें वाला यह एक दिवसीय मेला महिला उद्यमिता की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रमोट करने और उन्हें समर्थन प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। जिसमे स्वरोजगार उत्पादों तथा हस्तनिर्मित उत्पादों के बिक्री स्टॉल के साथ-साथ अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया, गरबा, नृत्य प्रतियोगिता, बच्चो के लिए आकर्षक झूले, सेल्फी प्वाईंट व फूड स्टॉल लगाये जायेंगे। एहसास की अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता नें बताया कि उनकी संस्था की परिणीता टीम नें तीज के अवसर पर परिणीता.स्वयं में सक्षम शीर्षक से अपनी दूरगामी सोच की इस परियोजना की शुरूआत की थी, जो अब एक बड़ा रूप ले चुकी है। परिणीता प्रोजेक्ट की इंचार्ज सृष्टी गौड़ नें बताया कि हमारी इस परियोजना के अंतर्गत हम महिला उद्यमियों को प्रत्येक त्योहारों पर उन्हे एक व्यापार मंच देकर उनके द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री बढानें का अवसर देते हैं, ताकि वह महिलाएं अपनें व्यापार में बढ़ोतरी करते हुए अन्य महिलाओं के लिए भी एक मिसाल बन सकें। संस्था की सचिव तारिका माटा के अनुसार यह दीपावली मेला आगामी वर्षों में भी निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में इस मेले को और भी व्यापक रूप दिया जायेगा। इस दौरान विनीता खन्ना व बिन्दू आत्रे आदि विशेष रूप से उपस्थित रही।

### मेरा टेसू यहीं अड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा



**मोदीनगर करंट क्राइम।** नवरात्र व विजया दशमी पर बाजारों और गली मौहल्लों में मेरा टेसू यहीं अड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा, टेसू रे, टेसू घंटा बजैयो, नौ नगरी दस गांव बसइयो, जैसे गाने गाकर पैसा मांगने की परंपरा आज भी चली आ रही है। बालक टेसू लेकर द्वार-द्वार टेसू के गीतों के साथ नेग मांगते हैं, वहीं बालिकाओं की टोली घर के आसपास झांझी के साथ नेग मांगने निकलती हैं। विलुप्त हो रही इस प्राचीन परंपरा को बच्चे आज भी जीवित बनाए हुए हैं। महाभारत काल से टेसू व झांझी का विवाह और उनके गंगा व अन्य घाटों पर विसर्जन की परंपरा भी हमारी संस्कृति से जुड़ी है।

#### टेसू व झांझी की मान्यताएं

मान्यता है कि टेसू का आरंभ महाभारत काल से हुआ था। पांडवों की माता कुंती ने सूर्य उपासना व तपस्या के दौरान वरदान से कुंवारी अवस्था में ही दो पुत्र बब्रुवाहन व दानवीर कर्ण के रूप में जन्म दिया था। बब्रुवाहन को कुंती लोकलाज के भय से जंगल में छोड़ आई थी। वह बड़ा ही विलक्षण बालक था। कुछ सालों बाद उपद्रव शुरू कर दिए। इससे पांडव परेशान हो उठे। सुभद्रा ने भगवान कृष्ण से कहा कि वे उन्हें बब्रुवाहन के आतंक से बचाएं। भगवान कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उसकी गर्दन काट दी, परंतु बब्रुवाहन अमृतपान कर लेने से मर नहीं पाया था। तब कृष्ण ने उसके सिर को छौंकर के पेड़ पर रख दिया। फिर भी वह शांत न हुआ तो श्रीकृष्ण ने अपनी माया से झांझी को उत्पन्न कर टेसू से उसका विवाह रचाया। तभी से उनके विवाह की परंपरा है।

#### टोटका के रूप में टेसू व झांझी के कराए जाते हैं विवाह

कुछ स्थानों पर जिन लड़के और लड़कियों के विवाह नहीं होते हैं तो वहां पर टोटका के रूप में टेसू व झांझी के विवाह कराए जाते हैं। एक मान्यता यह भी है कि रावण का अंत होने के बाद लंका में अकाल पड़ गया था। लोगों के पास खाने के लिए कुछ नहीं था। पुरुषों व बालकों ने टेसू व महिलाओं व बालिकाओं ने झांझी के साथ घर जाकर मांगा। मांगने से जो कुछ मिला, उसी से गुजारा किया गया। यह सिलसिला कई दिन तक चला।

### अंधाधुंध भूजल दोहन पर नोटिस तक सिमटी कार्रवाही



**मोदीनगर करंट क्राइम।** तहसील क्षेत्र में अंधाधुंध जल दोहन करने वालों पर सख्ती नहीं बरती जा रही। बिना अनुमति चल रहे आरओ प्लांट व वाहन धुलाई सेंटर को दर्जनों भेजे जाते है, लेकिन नाम मात्र ही कार्रवाही हो पाती है। केवल कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। मोदीनगर तहसील क्षेत्र में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। हर साल तीन मीटर पानी नीचे खिसक रहा है। शासन स्तर से इसकी रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं। कई योजना के माध्यम से पानी की बबार्दी नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद स्थिति नहीं सुधर रही। यही कारण है कि भोजपुर ब्लाक को पूर्व में डार्क जोन घोषित किया जा चुका हैं। केवल डार्क जोन में जल दोहन पर रोक रहती है। इसके बावजूद तहसील क्षेत्र में अंधाधुंध जल दोहन किया जा रहा है। जिला भूगर्भ जल प्रबंध समिति की बैठक में हर बार बिना अनुमति चल रहे आरओ प्लांट व वाहन धुलाई सेंटर बंद कराने की मांग उठ चुकी है। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी आदेश दे चुके हैं। इसके बाजवूद आरओ प्लांट और वाहन धुलाई सेंटर चलाने पर सख्ती नहीं की जा रही, जबकि सबसे ज्यादा यंहा भूजल दोहन किया जा रहा है। लघु सिंचाई विभाग ने पिछले कुछ दिनों में दर्जनों आरओ प्लांट व वाहन धुलाई सेंटर को कारण बताओ नोटिस जारी किए लेकिन एक दो को अगर छोड़ दिया जायें तो शेष पर कार्रवाई नहीं हुई। एक भी वाहन धुलाई सेंटर को बंद नहीं कराया जा सका।

#### इस कारण आरओ प्लांट तेजी से खुल रहे


शहर की अवैध कॉलोनियों में पानी की समस्या है। कहीं पानी आपूर्ति नहीं है तो कहीं खारा पानी आता है। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग बाजार से पानी खरीदकर पी रहे हैं। पानी की बढ़ती मांग देखते हुए तेजी से अवैध आरओ प्लांट लगाए जा रहे हैं। गोविन्दपुरी, विजय नगर, भूपेन्द्रपुरी, निवाड़ी रोड, आदि क्षेत्र में आरओ प्लांट चल रहे हैं। इसी तरह वाहन धुलाई सेंटर भी बेखौफ खुल रहे हैं।

### मुठभेड के बाद पशु वध का आरोपी गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने मुठभेड के बाद प्रतिबंधिंत पशु वध के वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उपचार के बाद जेल भेज दिया है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि बुधवार देर रात लोनी पुलिस ने निठोरा अंडर पास के नजदीक चेकिंग के दौरान और मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित पशु वध के मामले में वांछित चल रहे शरीफ को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है। वह निठोरा रोड की बबलू गार्डन कॉलोनी का रहने वाला है। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक, तमंचा कारतूस आदि बरामद हुआ है।

# लाओस दौरे पर क्यों गये हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी?

## क्या म्यांमा को लेकर होने वाला है कोई बड़ा फैसला?



- **भारत के लाओस के साथ घनिष्ठ, मैत्रीपूर्ण, ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं, जिनमें सांस्कृतिक स्थलों की बहाली, क्षमता निर्माण और बिजली परियोजनाओं जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज लाओस की यात्रा पर रवाना हो गये। यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी किये गये बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन के निमंत्रण पर विएंतियान की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम अपनी एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे कर रहे हैं। मैं आसियान नेताओं के साथ मिलकर हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम लाओ पीडीआर सहित इस क्षेत्र के साथ घनिष्ठ, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध साझा करते हैं, जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत से समृद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अपने द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए लाओ पीडीआर नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस यात्रा से आसियान देशों के साथ हमारे संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

आसियान-भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी 10वीं बार हिस्सा लेंगे। वह आसियान देशों के अन्य शासनाध्यक्षों के साथ भारत और आसियान के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और परस्पर संबंधों की दिशा भी तय करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि इस दौरान मोदी जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात कर सकते हैं जो एक अक्टूबर को पद संभालने के बाद से अपनी पहली विदेश यात्रा में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय तनाव और म्यांमा में गृह युद्ध पर भी चर्चा होगी। आसियान ने एक शांति योजना प्रस्तावित की है जिसमें म्यांमा में संघर्षरत गुटों के बीच युद्ध विराम और मध्यस्थता की बात कही गई है।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कहा था कि म्यांमा की स्थिति के बारे में आसियान देशों और उनके साझेदारों के बीच पांच सूत्री आम सहमति थी। उन्होंने कहा, हमारा रुख आसियान की पांच सूत्री आम सहमति के प्रति पूर्णतया सहायक है। इसके अलावा, मोदी विएंतियाने में दोनों प्रमुख शिखर सम्मेलनों से इतर लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफान्डन तथा अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। जयदीप मजूमदार ने कहा है कि आसियान से संबंधित समस्त प्रणालियों को काफी महत्व देते हैं।

प्रधानमंत्री दसवीं बार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मजूमदार ने कहा, प्रधानमंत्री अन्य आसियान देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के साथ इस दौरान भारत और आसियान के बीच संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। और वे हमारे संबंधों की भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी आसियान के साथ भारत की साझेदारी का बहुत महत्वपूर्ण स्तंभ है क्योंकि दुनियाभर में 20 प्रतिशत भारतवंशी आसियान के सदस्य देशों में रहते हैं।

मजूमदार ने कहा, सात आसियान देशों के साथ हमारी सीधी उड़ान सेवाएं हैं। और हमें उम्मीद है कि साल खत्म होने से पहले संभवतः दो और आसियान देशों के साथ हमारा सीधा उड़ान संपर्क होगा।

# भारत में इस्लामिक स्टेट कायम करने का सपना देखने वाले संगठन पर गृह मंत्रालय का सख्त एक्शन, हिज्ब-उत-तहरीर पर लगा बैन



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने वैश्विक पैन-इस्लामिक कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर को 'प्रतिबंधित संगठन' घोषित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य जिहाद के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंककर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक राज्य और खिलाफत स्थापित करना है। गृह मंत्रालय ने भी हूट को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। ऐसा तब हुआ जब तमिलनाडु हिज्ब-उत-तहरीर मामले के संबंध में कई व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भारत में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने के प्रयास शामिल थे। बुधवार को अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एचयूटी संगठन के 'नकीब' या राज्य 'अमीर' फैजुल रहमान को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार सदस्य कथित तौर पर संगठन के केंद्रीय मीडिया कार्यालय के आदेश पर गुप्त और एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने अनुयायियों के बीच एचयूटी की हिंसक विचारधारा फैला रहे थे। एनआईए के एक बयान में कहा गया, आरोपी ने कई समूहों के बीच हिज्ब-उत-तहरीर की विचारधारा को फैलाने के लिए कई गुप्त बैठकें की थीं और पूरे तमिलनाडु में विभाजनकारी अभियान चलाया था।

एनआईए ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जो कथित तौर पर चरमपंथी, कट्टरपंथी और मौलिक संगठन से प्रभावित थे जो इस्लामी खिलाफत स्थापित करने और इसके संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी द्वारा लिखित संविधान को लागू करने की कोशिश कर रहे थे।

# बंगाल में ममता सरकार पर बरसे जेपी नड्डा

## बोले- यहां महिलाओं के साथ हो रही क्रूरता देखता हूं, तो...



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज पश्चिम बंगाल में हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा पंडाल में नवरात्रि के शुभ अवसर पर माँ दुर्गा की पुजा अर्चना की। इसके बाद नड्डा ने विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान नड्डा ने कहा कि मां दुर्गा करुणा और शक्ति की प्रतीक हैं। लेकिन जब मैं बंगाल आता हूं और यहां महिलाओं के साथ हो रही क्रूरता देखता हूं, तो मैं मां दुर्गा से विशेष प्रार्थना करता हूं कि यहां जो सत्ता में बैठे हैं उनके मन में करुणा आए और हम यहां हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ सकें।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अभी 2 दिन पहले हरियाणा के चुनाव में हमें जीत हासिल हुई। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रों में मां दुर्गा की ये कृपा रही कि जिस प्रकार झूठ फैलाया जा रहा था, समाज को बांटने और तोड़ने का काम किया जा रहा था, तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति की जा रही थी, युवाओं और महिलाओं को भ्रमित करने और किसानों को भड़काने की कोशिश की जा रही थी, इन सबका जवाब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता ने भरपूर तरीके से दिया है। उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। 29 सीटों के साथ पिछली बार से ज्यादा वोट शेयर हमें मिला है। राष्ट्रवादी ताकतें वहां मजबूत हो रही हैं।

नड्डा ने दावा किया कि बंगाली भाषा को शास्त्रीय भाषा बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। आपको जानकर खुशी होगी कि बंगाली भाषा देश में दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली और विश्व में सातवें नंबर पर सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत बनाने का यूनेस्को से मान्यता दिलाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उसी तरीके से शांति निकेतन को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिलने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तृणमूल संस्कृति 'खतरा संस्कृति' बन गयी है। गुंडागर्दी, गुंडागर्दी और कट मनी संस्कृति टीएमसी का पर्याय बन गई है। लोग हकीकत जानते हैं और मुझे यकीन है कि वे टीएमसी को कड़ा सबक सिखाएंगे!

# अखिलेश यादव का ये बयान सुनकर खुश हो जाएगी कांग्रेस, इंडिया गठबंधन को लेकर कही बड़ी बात



**सपा और कांग्रेस दोनों मिलकर चुनाव लड़ेंगे हर जगह कुछ उतार-चढ़ाव होते हैं।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए उनकी समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा 10 में से छह उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन बरकरार है। आपको बता दें कि सहयोगी दलों ने कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया क्योंकि उसे हरियाणा में अप्रत्याशित नुकसान हुआ और जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) में उसका प्रदर्शन खराब रहा। अखिलेश ने कहा कि आज किसी भी राजनीतिक चर्चा का समय नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन बरकरार है।

सपा नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन में रहेंगे। हम अगली बार अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अखिलेश यादव ने भी उन्हीं की बात दोहराते हुए कहा कि इंडिया गुट एकजुट रहेगा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दोनों मिलकर चुनाव लड़ेंगे. ...हर जगह कुछ उतार-चढ़ाव होते हैं। पहले हमने पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन हमें चार सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब ये नहीं कि गठबंधन टूट जाएगा। कांग्रेस शेष...[उपचुनाव उम्मीदवारों...के बारे में शीघ्र ही घोषणा करेगी।' समाजवादी पार्टी ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनावों के लिए 6 उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिए है। इससे कांग्रेस नाराज दिखाई दे रही है। यूपी कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन समन्वय समिति से कोई चर्चा नहीं की और न ही हमें विश्वास में लिया गया। उन्होंने कहा कि ये सच है, हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति से अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। जहां तक सीटों की घोषणा और चुनाव लड़ने की बात है तो इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति जो भी निर्णय लेगी वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को मान्य होगा।

# अहमदाबाद में रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार



**गांधीनगर।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के एक मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है।

द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में शहर के एक सरार्फा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। इस प्रक्रिया के तहत, तृतीय श्रेणी के अधिकारी कुशवाह ने सीजी रोड स्थित फर्म के कार्यालय का दौरा किया और उसके मालिक से लेखा परीक्षण के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के साथ सीजीएसटी कार्यालय आने को कहा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरार्फा व्यापारी द्वारा पेश कागजात की जांच करने के बाद दोनों अधिकारियों ने व्यापारी से कहा कि खातों में कुछ त्रुटियों के लिए उसे 35 लाख रुपये का जुमार्ना देना होगा।

बाद में, दोनों आरोपियों ने जुमार्ना कम करने के लिए व्यापारी से कथित तौर पर 1.25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। विज्ञप्ति के अनुसार व्यापारी से शिकायत मिलने के बाद, एसीबी ने बुधवार को जाल बिछाया और दोनों अधिकारियों की ओर से 1.25 लाख रुपये नकद लेते हुए सोनी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों को भी अन्य स्थानों से पकड़ लिया गया।

# रेलवे सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कवच

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे, भारत के परिवहन नेटवर्क की जीवन रेखा है। शुरूआत से इस विशाल नेटवर्क ने देश की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी के साथ ये बड़े और भयावह हादसों का भी प्रतीक रहा है। अतीत से लेकर अब तक भारतीय रेलवे ने कई दुखद दुर्घटनाएं देखी हैं, जिसमें अनगिनत लोगों की जान जा चुकी हैं। रेलवे को इन हादसों से मुक्त करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने आरडीएसओ की मदद से कवच नामक एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है, जिससे हादसों पर रोक लगेगी।



## क्या है कवच?

भारतीय रेलवे ने मानवीय भूल से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' (ट्रेन टक्कर परिहार प्रणाली) नामक एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है। भारतीय रेलवे ने इसे आरडीएसओ (अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन) के माध्यम से विकसित किया है। इस पर 2012 में काम शुरू हुआ था। इस प्रणाली को विकसित करने के पीछे रेलवे का उद्देश्य ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकना था। इसका पहला ट्रायल साल 2016 में किया गया था। रेलवे के मुताबिक यह सबसे सस्ता स्वचालित ट्रेन टक्कर सुरक्षा सिस्टम है। यह तकनीक सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 (एसआईएल-4) प्रमाणित है, जो उच्चतम प्रमाणन स्तर है। इसका मतलब है कि कवच द्वारा गलती की संभावना 10,000 में से केवल एक है।

कवच हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो संचार का उपयोग करता है और टकराव को रोकने के लिए निरंतर अपडेट के सिद्धांत पर काम करता है। अगर ड्राइवर इसे नियंत्रित करने में विफल रहता है, तो सिस्टम स्वचालित रूप से ट्रेन के ब्रेक को सक्रिय कर देता है। यह कवच सिस्टम से लैस दो इंजनों के बीच टकराव से बचने के लिए भी ब्रेक लगाता है। जैसे ही कोई लोको पायलट सिग्नल जंप करता है, कवच सक्रिय हो जाता है। यह लोको पायलट को सचेत करना शुरू कर देता है। इसके बाद, यह स्वचालित रूप से ब्रेक को नियंत्रित करना शुरू कर देता है। जैसे ही सिस्टम को पता चलता है कि ट्रैक पर दूसरी ट्रेन आ रही है, यह पहली ट्रेन की आवाजाही को पूरी तरह से रोक देता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि अगर कोई ट्रेन सिग्नल जंप करती है, तो 5 किलोमीटर के दायरे में सभी ट्रेनों की आवाजाही रुक जाएगी। फिलहाल इसे सभी रूटों पर नहीं लगाया गया है।

**सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है कवच**

कवच, भारत की स्वदेशी रेल सुरक्षा प्रणाली, रेलवे आधुनिकीकरण और सुरक्षा में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करती है। 2014 से, भारतीय रेलवे ने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए 1,78,012 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिनमें शामिल हैं : उन्नत ट्रैकसाइड उपकरण, अत्याधुनिक तकनीकें और व्यापक कार्मिक प्रशिक्षण। कवच यात्रियों की सुरक्षा के लिए भारतीय नवाचार और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो लाखों दैनिक यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और अधिक सुरक्षित रेल नेटवर्क सुनिश्चित करता है।

## कवच के अंतर्गत आने वाले मार्ग

कवच, भारतीय रेलवे की सुरक्षा प्रणाली, ने 2016 में फील्ड ट्रायल से शुरू किया और 2019 में विश्व स्तर पर सर्वोच्च सुरक्षा प्रमाणन रक्छ4 प्राप्त किया। 2020 में इसे राष्ट्रीय एटीपी समाधान के रूप में अनुमोदित किया गया। भारतीय रेलवे ने 44,000 किलोमीटर ट्रैक पर कवच तैनात करने का लक्ष्य रखा है। 301 से अधिक इंजनों और 273 स्टेशनों पर सिस्टम लगाया जा चुका है। कवच से मानवीय भूल के कारण होने वाली मौतों को खत्म करने की उम्मीद है। ऑप्टिकल फाइबर की स्थापना 4,000 किलोमीटर से अधिक तक फैली हुई है और 356 संचार टावर स्थापित किए गए हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 29 मार्च को कवच के तहत लाए गए रूटों के बारे में लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जानकारी दी थी। मार्च तक, दक्षिण मध्य रेलवे में 1455 किमी (रूट किलोमीटर) नेटवर्क मार्ग को कवच के तहत लाया गया है, जिसमें से 576 किमी महाराष्ट्र राज्य यानी मनमाड (छोड़कर) - धामाबाद और उदगीर - परभणी खंड के अंतर्गत आता है।

# आवास विवाद पर आतिशी ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद जारी है। आवास को लेकर पीडब्ल्यूडी के साथ विवाद के बीच, आप ने गुरुवार को तस्वीरें साझा कीं, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी अपने सामान के भरे डिब्बों से घिरी हुई अपने कालकाजी आवास पर फाइलों पर हस्ताक्षर करती दिख रही हैं। यह दृश्य पार्टी द्वारा दावा किए जाने के एक दिन बाद सामने आया है कि आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगले को जबरन खाली करने के लिए मजबूर किया गया था।

**NAME CHANGED**

I, Ayesha Umar W/o Fahad Bin Umar R/o 1/18 Ban Road Shipra Suncity Indirapuram Ghaziabad 201014UP, have changed my name from Ayesha Umar to Ayesha .Henceforth I would be known by the name of Ayesha for all future purposes.

# क्राइम ब्रांच ने पकड़ा एक लाख का ईनामी बदमाश मोबाईल टावरों में चोरी का था मास्टरमाइंड





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक लाख के इनामी बदमाश को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी हुआ था। दरअसल यह उस गैंग का शातिर बदमाश है जो देश भर में मोबाइल टावर की महंगी रेडियो रिसीवर यूनिट को चोरी करके दुबई, हांगकांग और चीन में बेचा करते थे। सिर्फ तीसरी क्लास तक पढ़े हुए इस आरोपी ने इसी पैसे से दुबई में 10 करोड़ का फ्लैट खरीदा था।डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जावेद नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जावेद उस गैंग का सरगना है जो मोबाइल टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट समेत अन्य महंगे सामान को चोरी किया करते थे। इस गैंग का खुलासा मई महीने में हुआ था। जिसमें 12 लोग जेल गए थे।

## पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा

जावेद दुबई भाग गया था फिर इंडिया आया। यहां से वह दुबई जाने की फिराक में था। तभी इसको दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा गया है। जावेद ही इस गैंग का सरगना था। उत्तर प्रदेश के कई जिले समेत देश के कई प्रदेश के गैंग इस के संपर्क में थे।

यह चोरी का माल देश और विदेश में खपाया करता था। इसके कब्जे से फिलहाल 35 लाख रुपए का सामान बरामद हुआ है। जावेद के पूरे परिवार का काम कबाड़ का था और जावेद महज तीसरी क्लास पड़ा है। लेकिन जब से इसने यह गैंग बनाया तब से यह करोड़पति हो गया। दिल्ली की जहांगीरपुरी में इसने कोठी भी बनाई थी।

# नोएडा प्राधिकरण ने मुक्त कराई 30 करोड़ की जमीन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी है। गुरुवार को प्राधिकरण के सर्किल-8 और भू लेख विभाग सलारपुर गांव पहुंची। गांव में संख्या-700 से 711 की 6000 वर्गमीटर जमीन पर अवैध निर्माण, नालियां और प्लाट काटने का काम किया जा रहा था। प्राधिकरण की जेसीबी ने यहां अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। साथ पूरी जमीन को कब्जे में लेते हुए यहां प्राधिकरण का बोर्ड लगाया। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। इस जमीन की कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कागजी दस्तावेजों को खंगाला गया। ये जमीन प्राधिकरण अर्जित और कब्जा प्राप्त जमीन थी। जिस पर अवैध रूप से नालियां बनाई जा रही थीं। साथ जमीन पर प्लाट काटकर बेचने की कोशिश थी। जानकारी मिलते ही प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया और स्वत: जमीन खाली करने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर गुरुवार दोपहर को प्राधिकरण टीम जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची। यहां स्थानीय पुलिस बल की मदद से अवैध निर्माण को हटाया।



बता दें प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है।




# क्यूआरटी से कंट्रोल रहेगा कमिश्नरेट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आज सुरक्षा की कमान कई थानाक्षेत्रो में क्यूआरटी के हाथों में रहने वाली है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि फ्राइडे अलर्ट को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हर जोन में बड़ी संख्या में क्विक रिएक्शन टीम का गठन किया गया है। इन क्विक रिएक्शन टीम में कई-कई पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। इसके साथ ही सिटी से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन वाले जोन में सतर्कता रखने के विशेष निर्देश भी दिए गए हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार का दिन और रामनवमी के साथ ही रामलीला और दुर्गा पूजन के आयोजनों के चलते विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। पुलिस आज क्यूआरटी से कमिश्नरेट को कंट्रोल करने का काम करेगी। तो इसके साथ ही ड्रोन और तीसरी आंख से भी निगरानी रखी जाएगी। वहीं खुफिया विभाग के उन अधिकारियों को भी फील्ड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं जो सार्वजनिक स्थानों पर कम जाते हैं, पर उनका नेटवर्क मजबूत रहता है। इसके साथ ही खुफिया विभाग वाले भी अपना इनपुट जुटा रहे हैं, वहीं बीते दिनों हर थानाक्षेत्र में हुई पीस कमेटी की मीटिंग का भी असर शुक्रवार को देखने को मिलेगा। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारी स्तर से लेकर निचले स्तर तक तैयारी की गई है कि सब कुछ शांति के साथ निपटे। वहीं पुलिस ने अपनी सोशल मीडिया पर भी पैनी निगाहें रखी हैं। तो वहीं प्रमुख संगठनों के लोगों पर भी पुलिस पहरा रख रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शुक्रवार को पुलिस का रिस्पांस क्या रहता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से ऑल इज वेल की रिपोर्ट ही आएगी। वहीं जिस तरीके से सिटी वाले साहब से लेकर ट्रांस हिंडन और देहात वाले इन दिनों फील्ड पर उतरकर गश्त से लेकर नेटवर्किंग पर काम कर रहे हैं, इसका रीयल टेस्ट आज होगा। उधर जानकारी मिली है कि पुलिस लाइन में भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही हर थानाक्षेत्र के तेजतर्रार पुलिसकर्मियों को अधिक एक्टिव मोड पर रखा जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार को क्यूआरटी से कमिश्नरेट को कंट्रोल करने का पूरा कार्यक्रम फाइनल किया गया है। जिसका परिणाम आज पता चलेगा कि इसमें पुलिस कमिश्नरेट कितनी सफल रहती है।


फाइल फोटो

## नोएडा मे बनेंगे छह नए पिंक बूथ, क्राइम मैपिंग से चुनी गई जगह



**नोएडा।** मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा को बेहतर बनाने व अपराध पर लगाम लगाने के लिए जिले में 6 नए पिंक पुलिस बूथ बनेंगे। तीनों जोन में दो-दो नए पिंक बूथ बनकर तैयार है। इसी सप्ताह के अंत में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नए पिंक बूथ का शुभारंभ किया जाएगा। इन बूथ में महिलाएं किसी तरह की समस्याओं की शिकायत कर सकेंगी। इसकी निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी करेंगे। क्राइम मैपिंग सिस्टम से हुआ चयन बूथ जनपद के उन स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे, जहां महिलाओं के साथ होने वाले अपराध अधिक हैं। इसके लिए पुलिस टीम ने क्राइम मैपिंग सिस्टम का सहारा लिया है। इससे चेन, पर्स व मोबाइल झपटमारी और महिला अपराध से जुड़ी घटनाओं वाले इलाके की पहचान की गई है। आगामी महीनों में ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाकों में भी पिंक बूथ की व्यवस्था की जाएगी। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर भी पिंक बूथ स्थापित करने की योजना पर काम हो रहा है। जिन महिला पुलिसकर्मियों की बूथ पर तैनाती होनी है उनको पहले से ही प्रशिक्षित कर दिया गया है। यहां बनाए जा रहे पिंक बूथ अपर पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बीते साल सात पिंक बूथ स्थापित किए गए थे। महिलाओं को इससे काफी मदद मिली। ऐसे में मिशन शक्ति अभियान को पर लगाने के लिए छह नए पिंक बूथ बनाए गए हैं। अब बूथ की संख्या जनपद में 13 हो जाएगी। इस बार नॉलेज पार्क, दादरी, फेज वन, सेक्टर-58, फेज दो और इकोटेक थर्ड थानाक्षेत्र में पिंक बूथ बनाए गए हैं। इसके लिए ऐसी जगह या चौकियों का चयन किया गया है जहां घनी आबादी हो महिलाओं का आवाजाही ज्यादा हो।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उठाया जीडीए द्वारा बंद किये गये कट का मामला

## जीडीए वीसी को लिखा पत्र और कहा- लाखों लोगों को होगी परेशानी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के सीनियर पूर्व पार्षद और पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य राजेंद्र त्यागी ने जीडीए द्वारा एएलटी रोड पर पैट्रोल पंप के सामने कट को बंद करने के संबंध में एक पत्र जीडीए उपाध्यक्ष को लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में संजयनगर, रईसपुर, फ्री होल्ड कॉलोनी के लोगों को इस कट के बंद होने से आने वाली परेशानी का हवाला दिया है। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिये जाने वाले मरीजों की परेशानी से अवगत कराया है और जीडीए वीसी से ये अनुरोध किया है कि इस कट को बंद ना किया जाये। राजेंद्र त्यागी ने जीडीए वीसी को लिखे अपने पत्र में कहा है कि जीडीए द्वारा एएलटी रोड पर हापुड़ चुंगी के पास यू-टर्न बनाया गया है। इसके बाद संजयनगर के सामने फ्लाईओवर से पहले यू-टर्न बनाया गया है। इन दोनों के बीच की दूरी बहुत ज्यादा है। संजय नगर सेक्टर-23 व रईसपुर गांव तथा फ्रीहोल्ड कॉलोनियों और राजनगर के नागरिकों का इस रोड से बहुत ज्यादा आवागमन है। जीडीए द्वारा दोनों यू-टर्न के बीच सभी कट बंद किये जा रहे हैं, लेकिन बजाज मोटर्स, एचपी पेट्रोल पंप के सामने का कट बंद किये जाने से बहुत बड़ी तादात में नागरिकों, स्कूल के बच्चों तथा दोपहिया चालकों को बहुत ज्यादा परेशानी हो जाएगी।

बजाज मोटर्स के सामने वाले कट से रईसपुर गांव, संजयनगर से लगती हुई कॉलोनियां, संयुक्त सरकारी अस्पताल, सीएमओ ऑफिस, फॉर्च्यून होटल तथा पेट्रोल पंप में जाने वाले ग्राहकों के लिये अत्याधिक परेशानी हो जाएगी। बड़ी तादात में स्कूल के बच्चों का, संयुक्त अस्पताल में जाने वाले मरीजों को तथा संजय नगर व रईसपुर गांव के लोगों को विशेष परेशानी होगी। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने अपने पत्र में जनहित में जीडीए वीसी से आग्रह किया है कि इस कट को बंद न किया जाये। यह कट दोनों यू-टर्न के बीच आता है।

# छोटे नरसिंहानंद ने कोर्ट में किया सरेंडर, अनिल यादव बोले- यति का पुतला फूंका गया तो धर्म विशेष के लोगों का पुतला फुकेगा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के शिव शक्ति धाम मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के शिष्य छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दरअसल यति नरसिंहानंद ने 29 तारीख को धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसको लेकर ना सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि कई अन्य राज्यों में भी जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन हुआ था। उसके बाद अनिल यादव ने भी बयान बाजी की थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा लिखा था।

गुरुवार को अनिल यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसमें लिखा था कि परिवार को पुलिस एक सप्ताह से परेशान कर रही है और कोर्ट में खुद को पेश कर दिया। गाजियाबाद के थाना वेव सिटी में 4 अक्टूबर को हल्का 01 बीट प्रभारी डासना सब इंस्पेक्टर भानु प्रकाश ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि अनिल यादव समेत 3 यति संतों ने आपत्तिजनक बयान दिया है। इस बयान को लेकर इठर की धारा 302 और 351(2) में मुकदमा दर्ज किया गया था। अनिल यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि पुलिस एक सप्ताह से उसके परिवार को परेशान कर रही है और इसको लेकर वह सरेंडर करने जा रहा है। अनिल यादव ने गाजियाबाद कोर्ट के रूम नंबर 38 में सरेंडर कर दिया है। फिलहाल कार्रवाई चल रही है। यह देखना होगा कि अनिल यादव को बेल मिलती है या फिर जेल भेजा जाता है।

### क्या है पूरा मामला

29 सितंबर को शिव शक्ति धाम मंदिर के महंत और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने एक धर्म को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसके बाद मंदिर पर भी धर्म विशेष की भीड़ जमा हुई थी और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बवाल हुआ था। इसी को लेकर अनिल यादव ने वीडियो जारी करके कहा था कि अगर यति का पुतला फूंका गया तो वह भी धर्म विशेष के लोगों का पुतला फुकेगा। उसके बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया था।

# कूड़ा डालने के विरोध में 16 गांव सातवें दिन भी अनशन जारी

## 13 अक्टूबर से शुरू होगी मुरादनगर से गोरखपुर तक की पदयात्रा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डालने के विरोध में 16 गांवों के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन गुरूवार को सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान फैसला लिया गया कि अगर मांग पूरी नहीं की गई तो 13 अक्टूबर मुरादनगर से गोरखपुर तक की पदयात्रा शुरू कर दी जाएगी। बता दें पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास गाजियाबाद शहर का कूड़ा डाला जा रहा है। कूड़ा का अब पहाड़ बन चुका है।

कूडे.का पहाड़ हटाने के लिए 16 गांवों के ग्रामीण गांव मकरेड़ा में सात दिन से क्रमिक अनशन दे रहे है। गुरूवार को सातवें दिन भी धरना जारी रहा। गुरूवार सुबह आकाश प्रधान, रामकिशोर, सोनू चौधरी, आयुष चौधरी, दीपक चौधरी बैठे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद चौधरी ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। धरनास्थल पर विका संघर्ष समिति के संचालक मंड़ल की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद चौधरी ने की। दो घंटे चली बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मांगे नहीं मानी तो 13 अक्तूबर से श्री सिद्वेश्वर महादेव कूटी मकरेड़ा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार गोरखपुर तक यात्रा शुरू कर दी जाएगी।

# श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में हनुमान मिलन लंका दहन एवं विभीषण शरणागति की लीला का हुआ मंचन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में गुरुवार को बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा हनुमान मिलन, लंका दहन एवं विभीषण शरणागति की लीला का मंचन बड़े ही सुंदर रूप में व्यास पवन कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में दिखाया जा रहा है। गिरधारी लाल, सोनू चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी, अनिरुद्ध, भोलेनाथ, बैकुंठ, दिलीप, माधव, अनुज चतुर्वेदी, महिला कलाकार रिंकी, मनीषा एवं आरती आदि कलाकारों द्वारा सुंदर ढंग से लीला का मंचन किया गया। मंचन का लोग भरपूर आनंद ले रहे हैं और तालिया बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। राम भक्तों ने लीला का भरपूर आनंद उठाया।

### मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय रहे

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा विधायक साहिबाबाद एवं सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय रहे। श्री रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह, संरक्षक कुसुम सिंह पूर्व पार्षद, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा , उपाध्यक्ष राकेश सूद ,धर्मेंद्र दुबे, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, कमलेश यादव, राजकुमार गुप्ता, अमन ठाकुर, सुरेंद्र भारती, नादिर अली, चंदन झा, के के दुबे जी,भूपेंद्र मेहता, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, अनीता झा, शोभा दुबे ,संध्या सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह कन्हैया आदि लोगों की उपस्थिति में सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया गया। मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया कि रामलीला में अपार जनसमूह आ रहा है। लोग मेले का भरपूर आनंद उठा रहे हैं और लीला का आनंद ले रहे हैं। मेले में तरह-तरह के झूले एवं चटपटे स्वाद के अनेक प्रकार के स्टॉल भी लगे हुए हैं। लोग मेले का भरपूर सपरिवार आनंद ले रहे हैं। सुंदर रामलीला के मंचन के लिए कमेटी वालों का भी लोग बधाई देकर उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

# बाल्मीकि संगठन महामंत्री प्रदीप चौहान ने नगर आयुक्त को लिख पत्र



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारत सरकार का हम आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि सरकार ने अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से न्यूनतम वेतन 748 प्रतिदिन तय किया है। यह आम आदमी के लिए राहत की नई आशा है। पूर्व में निगम के 2700 बोर्ड प्रस्तावित एवं सी०एल०सी० के 750 सफाईकर्मी कार्यरत हैं जो अलग वेतन पा रहे हैं। वोर्ड प्रस्तावित 17500 रुपए सीएलसी (410) प्रतिदिन जो अपने आपमें एक शेषण है। संघ चाहता है कि इन सभी माली, ड्राइवर, मिस्त्री, सफाईकर्मी, सफाई नायक, शिक्षकों का वेतन भारत सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार दिया जाए।

# मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर समाजवादी जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर समाजवादी जिला कार्यालय पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बारी-बारी सभी समाजवादी पदाधिकारियों ने नेताजी को स्मरण कर उनके जीवन को याद किया, राष्ट्र प्रवक्ता अतुल सक्सेना ने कहा कि अगर हम नेताजी के जीवन से एक भी गुण अपने जीवन में उतार लें तो हमें सफलता मिलने से कोई नहीं रोक सकता। जिला महासचिव नितिन त्यागी ने कहा नेताजी अपने नाम की तरह मुलायम भी थे और सिंह की तरह साहसी भी थे। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा नेताजी ने सभी वर्गों की लड़ाई लड़ी। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने बताया नेताजी ने मुख्यमंत्री रहते अनेक जन कल्याण के कार्य कराए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव, साजिद हुसैन पूर्व जिला अध्यक्ष, नाहर सिंह यादव वरिष्ठ सपा नेता, धर्मवीर डबास प्रदेश सचिव, जेपी कश्यप पूर्व महानगर अध्यक्ष, सिकंदर यादव वरिष्ठ सपा नेता, अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक, जाकिर अली पूर्व विधायक, अभिषेक गर्ग प्रदेश सचिव, बाबू सिंह आर्य प्रदेश, प्रेमचंद गुप्ता महानगर कोषाध्यक्ष, अमन यादव राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा, रमेश यादव एडवोकेट वरिष्ठ सपा नेता, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष, संजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, दिनेश गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष, ठाकुर विक्की सिंह महानगर अध्यक्ष युवा जनसभा, नानक चंद प्रजापति जिला सचिव, आकाश गोस्वामी महानगर सचिव, अमन शर्मा, अवतार सिंह विधानसभा अध्यक्ष, दुर्गेश चौधरी जिला अध्यक्ष महिला सभा, मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा, आशा सचदेव, शशि वर्मा, ताहिर हुसैन, राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुष्का सिंह महानगर सचिव, गौरव तिवारी महानगर सचिव, नागेंद्र मोरिया, चमन सिंह यादव, मोहम्मद अब्बास, हैदर महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, ललित गुर्जर एडवोकेट जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अरुण यादव महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ,आरिफ कतर, शैलेश चंद्र गौतम, सुनील जिंदल, संजय यादव, समर चौहान, दिनेश यादव एडवोकेट, राधेश्याम, मोहम्मद चांद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, साकिर हुसैन प्रदेश सचिव, सोनू सैनी महादेव सचिव, अनिल चौधरी जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, आंसू अब्बासी, सतवीर सिंह एडवोकेट, कृष्ण यादव जिला सचिव, दीपक अग्रवाल, आरिफ सलमानी, अकरम सलमानी, योगेंद्र शर्मा, गुल मोहम्मद मंसूरी, फिरोज चौधरी, वीरेंद्र वाल्मीकि, अंजू ढाकोलिया, कृष्ण ढाकोलिया, राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ, साजिद सैफी महानगर सचिव, यासमीन कौशल पूर्व पार्षद, सत्य प्रकाश कंसल महानगर सचिव, इरफान, अमानत चौधरी जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, असलम कुरेशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अकरम प्रधान, नरेश कुमार बत्रा, खालिद बुखारी जिला सचिव, शाहनवाज खान, कमलेश यादव, सुभाष सिंह जाटव, कमरुद्दीन सैफी, रामपाल सिंह, सतीश कुमार, लोकेश यादव महानगर सचिव, संजय यादव करेड़ा, संजीत कुमार यादव, मुकेश यादव जिला सचिव, निसार कसर, विक्रम सिंह यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, अवनीश यादव, महेश यादव, फारूक सिद्दीकी, अभिषेक राजपूत, राहुल, अली मोहम्मद, इकरामुद्दीन शौकीन अली, दीपक शर्मा, रिजवान सैफी, आस मोहम्मद, जाहिद अली, मयंक यादव, भूरा यादव, रिजवान चौधरी, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी।

# रतन टाटा के निधन पर दुनिया गमगीन; नेपाली पीएम अमेरिकी राजनयिक से लेकर तमाम दिग्गजों ने जताया दुख




**नई दिल्ली ।** देश के जाने-माने उद्योगपति और टाटा संस के आजीवन चेयरमैन एमिरेट्स रतन टाटा नहीं रहे। भारत के रतन कहे जाने वाले दिग्गज उद्योगपति अरबपतियों में शामिल होने के बावजूद अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत लेते थे। वह अपनी कारोबारी उपलब्धियों के साथ-साथ अपने विनम्र स्वभाव और परोपकारी कार्यों के भी लिए जाने जाते थे। उनके निधन से देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में शोक की लहर है। आइए जानते हैं किसने क्या कहा।

## नेपाली पीएम ने जताया दुख

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'उद्योग जगत के एक सच्चे दिग्गज रतन टाटा के निधन से बहुत गहरा दुख हुआ है। व्यापार के साथ-साथ परोपकार में उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत से कहीं आगे तक बड़ी संख्या में लोगों के जीवन को प्रभावित किया। उनकी विरासत और समाज पर सकारात्मक प्रभाव को संजोया जाएगा।'

## विशाल दिल वाले दिग्गज को खोया: गासेर्टी

भारत में अमेरिका राजनयिक एरिक गासेर्टी ने कहा, 'भारत और दुनिया ने एक विशाल दिल वाले दिग्गज को खो दिया है। जब मुझे राजदूत के रूप में सेवा करने के लिए चुना गया था, तो भारत की ओर से पहली बधाई रतन टाटा ने दी थी, जिन्होंने दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बोर्ड में सेवा करते हुए मेरे गृहनगर की बहुत सेवा की। उन्होंने अपने देश के लिए अधिक समृद्धि और समानता का भविष्य देखा और हमारी दुनिया के लिए बहुत कुछ किया। उनकी यादें हमेशा बनी रहेंगी।'



इनके अलावा, भारतीय अमेरिकियों ने दिग्गज उद्योगपति और परोपकारी रतन नवल टाटा के निधन पर शोक जताया और उन्हें ऐसा व्यक्ति बताया जिन्होंने भारत को समृद्धि और विकास की ओर अग्रसर किया।

**टाटा को भारत को बेहतर बनाने की गहरी चिंता थी: सुंदर पिचाई :** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात हुई थी। यहां हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका विजन सुनना प्रेरणादायक था। वे एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं और भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# फ्लोरिडा के तट से टकराया चक्रवाती तूफान मिल्टन
## अमेरिका के मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**वॉशिगटन ।** चक्रवाती तूफान मिल्टन अमेरिका में फ्लोरिडा के तट से टकराया है। चक्रवाती तूफान मिल्टन को तीसरी श्रेणी का खतरनाक तूफान बताया गया है। ऐसे में अमेरिका के मौसम विभाग ने लोगों के लिए चेतावनी जारी की है। तूफान के असर से फ्लोरिडा और आसपास के इलाकों में 120 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। हालांकि इनकी रफ्तार कुछ कम हुई है।



### अमेरिका के मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

अमेरिका के मौसम विभाग ने टेंपा और सेंट पीट्सबर्ग इलाकों में रहने वाले लोगों को चेतावनी जारी की है और उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर रहने की सलाह दी है। फ्लोरिडा के तट से टकराने के बाद से चक्रवाती तूफान कमजोर पड़ा है, लेकिन उसका चक्रवाती तूफान का दर्जा अभी भी बरकरार है। तूफान अटलांटिक महासागर में दाखिल होगा और गुरुवार तक इसके उष्णकटिबंधीय तूफान में बदलने का अनुमान है। तूफान के चलते बुधवार सुबह को फ्लोरिडा के 23 फीसदी और टेंपा बे और सेंट पीट्सबर्ग इलाकों के 59 फीसदी गैस स्टेशन बिना ईंधन के थे।

बीते महीने भी अमेरिका में चक्रवाती तूफान हेलेन ने मचाई थी तबाही : तूफान के चलते अमेरिका के कई शहरों में बवंडर की चेतावनी जारी की गई है। इससे पहले चक्रवाती तूफान के खतरनाक स्तर को देखते हुए कई जगह बाढ़ और भारी बारिश की आशंका जताई गई थी, लेकिन फिलहाल तूफान के कमजोर पड़ने से लोगों ने राहत ली है। बीते महीने ही अमेरिका में चक्रवाती तूफान हेलेन ने तबाही मचाई थी। तूफान के चलते अमेरिका में 52 लोगों की मौत हुई थी। तूफान के असर से दक्षिण पूर्व के इलाकों में भारी बाढ़ और तबाही देखने को मिली थी। चक्रवाती तूफान हेलेन के चलते फ्लोरिडा, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना और वर्जीनिया में लोगों की जान गई । कैटगरी-4 के उस चक्रवाती तूफान के चलते 225 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं।

# बाइडन ने नेतन्याहू से की बात, इस्राइल के ईरान पर संभावित हमले को लेकर दिया समर्थन

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बात की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। इस बातचीत के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइल के ईरान पर संभावित हमले को लेकर अमेरिका का समर्थन दोहराया और लगातार संपर्क में रहने की बात भी कही। हसन नसरल्ला की मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। इससे पहले जब सीरिया में इस्राइली हमले में ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए थे, तब भी ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। ऐसे में अब सभी की निगाहें इस्राइल के जवाब पर टिकी हैं।

**बीते दो महीने में पहली बार हुई दोनों नेताओं में बातचीत :** जो बाइडन और बेंजामिन नेतन्याहू की यह बीतचीत बीते दो महीने में पहली बार हुई। इस दौरान बाइडन ने नेतन्याहू को



लेबनान में आम नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचाने का आग्रह भी किया। इससे पहले अमेरिका ने इस्राइल को ईरान के तेल ठिकानों पर हमला न करने को भी कहा था। गौरतलब है कि बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल और रॉकेट हमला किया था। इसके बाद इस्राइल ने बदला लेने और ईरान पर जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। अमेरिका ने भी ईरान के इस्राइल पर हमले की निंदा की थी और इस्राइल को अडिग समर्थन देने का वादा किया था। इस्राइल का दावा- ईरान पर हमला घातक और हैरान करने वाला होग व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया कि अमेरिका और इस्राइल की राष्ट्रीय सुरक्षा टीमें लगातार संपर्क में रहेंगी। दोनों नेताओं की बातचीत में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी शामिल हुईं। यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब इस्राइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ईरान के हमले पर इस्राइली प्रतिक्रिया को लेकर अमेरिकी नेतृत्व से बातचीत करने वाले थे। इस्राइली रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि 'ईरान पर हमारा हमला घातक, सटीक और हैरान करने वाला होगा।' व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच करीब 30 मिनट तक बातचीत हुई।

लेबनान पर इस्राइली हमले को लेकर व्हाइट हाउस की प्रवक्ता जीन पियरे ने कहा कि 'हम लेबनान को दूसरे गाजा में बदलते नहीं देख सकते और न ही देखेंगे।' पश्चिम एशिया के हालात को लेकर जो बाइडन और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच तनाव की खबरें भी आईं थी, जब इसे लेकर व्हाइट हाउस की प्रवक्ता से सवाल किया गया तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# चीन से निपटने में अहम है जापान की साझेदारी, आर्मी चीफ 14 अक्टूबर को करेंगे टोक्यो की यात्रा



**भारत और जापान के बीच बढ़ती साझेदारी, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने को देखते हुए यह यात्रा काफी मायने रखती है।**

**नई दिल्ली ।** इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले हफ्ते जापान जाएंगे। यह उनका आर्मी चीफ के तौर पर पहला विदेश दौरा होगा। सूत्रों के मुताबिक, जनरल द्विवेदी 14 अक्टूबर को पांच दिन के दौरे पर निकलेंगे। चीन से निपटने के लिए भारत और जापान की लगातार बढ़ती साझेदारी को देखते हुए यह दौरा अहम है। इस वक्त बंगाल की खाड़ी में जापान की नेवी भारत की नेवी के साथ मिलकर एक्सरसाइज कर रही है। ये मालाबार एक्सरसाइज है, जिसमें क्वॉड देशों (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) की नेवी शामिल है।

भारत और जापान के बीच बढ़ती साझेदारी, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने को देखते हुए यह यात्रा काफी मायने रखती है। वर्तमान में जापानी नौसेना मालाबार अभ्यास के हिस्से के रूप में बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास कर रही है। अभी दो महीने पहले, जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा और रक्षा मंत्री किहारा माइनोरू ने 2+2 डायलॉग के लिए भारत का दौरा किया था, जहां इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर चर्चा मुख्य फोकस थी। भारत और जापान दोनों ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। दोनों देशों की सरकारों ने दोहराया है कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में, स्वतंत्र, खुले, समावेशी और समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए भारत-जापान रक्षा साझेदारी को मजबूत करना आवश्यक है।

भारत और जापान चीन को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि बीजिंग दोनों देशों के क्षेत्रों पर दावा करके खतरा बढ़ा रहा है। जवाब में जापान और भारत ने हाल के दिनों में संयुक्त सैन्य अभ्यास में वृद्धि के साथ, अपने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है। पिछले हफ्ते, जनरल द्विवेदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की ग्रे जोन रणनीति के खिलाफ चेतावनी दी थी और कहा था कि, देशों की सीमा पर स्थिति वर्तमान में स्थिर होने के बावजूद, यह सामान्य नहीं है।

# ट्रंप ने कमला हैरिस के साथ दोबारा बहस करने से किया इनकार, वजह जानकर हैरान रह जाएंगे आप

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अब महज चार सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। मुकाबला कड़ा बना हुआ है। हालांकि, इस बीच बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस के साथ दूसरी राष्ट्रपति बहस के लिए इनकार कर दिया है।

बता दें, न्यूज चैनल ने पांच नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले इस महीने के अंत में एक बहस रखने की पेशकश की थी। हालांकि, ट्रंप ने कदम पीछे खींच लिए।

### क्या बोले ट्रंप?

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर कहा, 'इस प्रक्रिया के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। (जल्द ही) मतदान पहले ही शुरू हो चुका है। कोई



रीमैच नहीं होगा।' इसी के साथ, उन्होंने फिलाडेल्फिया में एक महीने पहले उम्मीदवारों के पहले आमने-सामने की संभावना खारिज कर दी।

### हर मुद्दे पर ट्रंप पर हावी रही थीं कमला

इससे पहले, अमेरिकी चुनाव में कमला हैरिस बनाम डोनाल्ड ट्रंप की पहली सियासी बहस चर्चा का विषय बन गई थी। इस बहस को काफी जोरदार तो माना ही गया, साथ ही साथ दावा किया गया कि इसका सीधा असर आगामी चुनाव पर भी पड़ने वाला है। कुछ जानकारों का मानना है कि इस पहली बहस में कमला हैरिस ने कई मोर्चों पर डोनाल्ड ट्रंप को बैकफुट पर धकेलने का काम किया। कई ऐसे मुद्दे सामने आए जिन पर ट्रंप ने कुछ नहीं बोला और हैरिस ने सीधा वार किया।

बड़ी बात यह है कि इससे पहले जब डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच में बहस हुई थी।

तब अमेरिकी राष्ट्रपति काफी पिछड़ते दिखाई दे गए थे। कई मुद्दों पर उनकी पॉलिसी स्पष्ट नहीं थी।

# नौकरी के बहाने युवाओं से कराई जाती थी साइबर ठगी
## एनआईए का मानव तस्करी गिरोह के खिलाफ चार्जशीट में दावा

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक और एक्शन लिया है। उसने मानव तस्करी करने वाले एक गिरोह के सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। चार्जशीट के मुताबिक, गिरोह यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए चीनी घोटालेबाजों द्वारा चलाए जा रहे साइबर अपराध केंद्रों में काम करने के लिए भारतीयों को लाओस भेजने का काम करता था।

### इनके खिलाफ चार्जशीट दायर

जांच एजेंसी ने बुधवार को विशेष अदालत के समक्ष गिरोह के सदस्यों मंजूर आलम उर्फ गुड्डू, साहिल, आशीष उर्फ अखिल, पवन यादव उर्फ अफजल उर्फ अफरोज के साथ मुख्य




साजिशकर्ता कामरान हैदर उर्फ जैदी के खिलाफ चार्जशीट दायर की।

चार्जशीट के मुताबिक, जैदी ने पूरे ऑपरेशन में मदद की थी। उसने चीनी घोटालेबाजों के चंगुल से भागने की कोशिश करने वाले पीड़ितों से क्रिप्टो करेंसी वॉलेट के माध्यम से पैसे ऐंठे।

**पवन यादव का यह था काम :** अधिकारी ने कहा, 'पवन यादव ने अन्य मध्यस्थ एजेंटों को दरकिनार कर तस्करी किए गए व्यक्तियों को नौकरी के बदले सीधे अपने गिरोह में शामिल कर लिया। उसने उन्हें चीनी कंपनियों में नौकरी पर रखा, जो फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाने और अमेरिका तथा यूरोप के लोगों से चैट करने में शामिल थे। साथ ही इन लोगों को साइबर घोटाले के हिस्से के रूप में क्रिप्टो करेंसी एप में निवेश करने के लिए राजी करता था।' एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल तस्करों और दलालों के एक सुसंगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

इनमें बिना लाइसेंस के मानव संसाधन आपूर्ति एजेंसियों के संचालन से लेकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आपराधिक गतिविधियों के लिए संभावित पीड़ितों के अवैध स्थानांतरण और परिवहन तक शामिल हैं।

आरोप पत्र में नामित आरोपी सीधे तौर पर हवाई टिकट और दस्तावेजों की व्यवस्था करने तथा गोल्डन ट्राइ एंगल क्षेत्र में संपर्कों की मदद से अवैध सीमा पार करने में शामिल थे।

### युवाओं से जबरन कराया जाता था साइबर अपराध

एनआईए के प्रवक्ता ने बताया, 'जांच से पता चला है कि सभी पांच लोग लाओ पीडीआर के गोल्डन ट्राइ एंगल क्षेत्र में भारतीय युवाओं को तस्करी करने में शामिल थे। इन युवाओं को नौकरी के बहाने यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराध को करने पर मजबूर किया जाता था। वे कंसल्टेंसी फर्म अली इंटरनेशनल सर्विसेज के माध्यम से काम करते थे, जो मानव तस्करी के लिए एक मोर्चे के रूप में काम करती थी।

# इस्राइल ने लेबनान के नागरिक सुरक्षा केंद्र पर बोला धावा, पांच की मौत; गाजा में भी 13 की जान गई







**बेरूत ।** दक्षिणी लेबनान के दर्दघया शहर में बुधवार को इस्राइल ने एक नागरिक सुरक्षा केंद्र पर हवाई हमला किया, जिसमें वहां तैनात पांच स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हो गई। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, टीमों द्वारा मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है।

इसके अलावा इस्राइल के गाजा में भी हवाई हमले जा री है। यहां फिलिस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि गाजा में एक शरणार्थी शिविर पर इस्राइली हमले में 13 लोग मारे गए हैं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइली हवाई हमले की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस्राइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय सम्मेलनों की अवहेलना करते हुए आज रात बचाव और एंबुलेंस कर्मचारियों को फिर से निशाना बनाया है। हालांकि, इस्राइली सेना की ओर से इस मामले को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर इस्राइली हमला 'घातक' और 'आश्चर्यजनक' होगा। हालांकि, उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया।

### गाजा पर हमलों में 50 मौतें, 6 शीर्ष कमांडर ढेर

दूसरी तरफ, फलस्तीन ने बुधवार को कहा कि उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर इस्राइली हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं। जबालिया में भीषण लड़ाई जारी है। इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइलें दागने के बाद कहा, लेबनान में किए इस हमले में 50 लड़ाके मारे गए हैं। उसने कहा, इस भीषण जंग में हिजबुल्ला के 6 शीर्ष कमांडर भी ढेर हो गए हैं।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, युद्ध में फलस्तीनी मृतक संख्या 42,000 पार हो गई है। उसने बताया, मृतकों में आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं।



# भाजपा नेता पवन गोयल के यहां हुआ माता की चौकी का भव्य आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी नेता जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल के यहां नवरात्र में माता की चौकी का आयोजन किया गया। वेवसिटी के एनआर ग्रांड फार्म हाउस में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बीजेपी के कई दिग्गज नेता पहुंचे। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र,पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह,लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सहित कई गणमान्य लोगों ने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल के पिता और जाने माने अधिवक्ता फतेह चंद गोयल उनकी मम्मी आभा गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया। गोयल परिवार से उत्तराखंड में तैनात जिला जज हरीश कुमार गोयल, अधिवक्ता तथा लेखक संदीप कुमार गोयल,नरेश गोयल,अशोक गोयल,सुमित गोयल,आशीष गोयल,शिवम गोयल,सानिध्य गोयल,उमंग गोयल, सार्थक गोयल, मीवान गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे माता की चौकी में मौजूद? यहां पर हमें नजर आ रहा था गागर में सागर भरने वाले नागर का भगवा कमांडर के साथ वजूद? कमांडर के साथ बैठा था कोई शख्स? तब इंटरनेट पर आग उगलने वाले नागर हो गये कुछ ज्यादा ही प्रत्यक्ष? उन्होंने कह दी मौके पर सीधी और स्पष्ट बात? आपके और मेरे रिश्ते ऐसे होने चाहिए, जैसे होते हैं छोटे और बड़े भाई के जज्बात? अगर आप रिश्तों में लाओगे अध्यक्ष वाली मयार? तो फिर हम भी बन जायेंगे मिस्टर नागर? जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहेगा यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा टिकट के एक दावेदार को नहीं था एहसास, कि जब वो अपने टिकट के लिए करेंगे दूसरे दावेदार की जमकर बुराई? तब ये बुराई वाली इन्फॉर्मेशन भी पहुंच जायेगी दूसरे दावेदार के पास? सुना है जहां की है उन्होंने दावेदार की बुराई? वहां-वहां से पहुंची है दूसरे दावेदार पर रिपोर्ट? अपनी दावेदारी को ये दावेदार मजबूत कर रहे हैं सामने वाले में निकालकर खोट? सुना है उनके शब्दों ने दे दी है समकक्ष दावेदार के दिल को बहुत ज्यादा चोट? देखना एक-दो दिन में कोई तो कन्वरसेशन दोनों के बीच में होगा? इस बात को आप कर लो नोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि माता की चौकी में चल रहे थे कई तरह के पोलीटिक्ल सीन? हमने देखा कमांडर और पूर्व मैडम बैठे हुए थे एक साथ? दोनों के आस-पास जमा दिख रही थी समर्थकों की जमात? जैसे ही कमांडर ने मौके से मारा एक्जिट? वैसे ही तमाम दावेदार चले गये उनके साथ? हमने देखा ये सीन देखकर ताकतवर मैडम भी थीं बहुत ज्यादा हैरान? उन्होंने मिस्टर रंजन को कह दिया आप यहीं बैठें श्रीमान? दूसरों की तरह नहीं घिसे पीछे पीछे चलने का मंजन? क्योंकि जैसा सोचकर चल रहे हो आप, वैसा नहीं हो रहा है किसी का मामला डन-डन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने जो देखी है ना जो साहब और मैडम के बीच में कुछ पल की मुस्कुराहट? मैं बात रहा हूं फिर कोई बात ऐसी हो गई है कि दोनों के बीच में दिखाई देगा आने वाले समय में तनाव? अभी नहीं हुआ है मामला शांत? अभी कुछ चीजों में फिर से अटकना है अड़ंगा? अभी तो काफी कुछ घटना है श्रीमान? कहने वाले ने कहा इस बार पहले से भी तेज आयेगा तूफान? अगर घटेंगी इस तरह की घटना? तो आप मत होना ज्यादा असंतुष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब नगर निगम में मच रहा था गो-बैक गो-बैक वबाग को लेकर शोर? सुना है इस शोर को नहीं किया हैवीवेट जनप्रतिनिधि ने भी इग्नोर? उन्होंने कहा कमेटी बनाकर अधिकारियों के माध्यम से भेजो शासन को शिकायत? फिर नजर आयेगी आपको कार्यवाही की रवायत? कहने वाले ने कहा पहली बोर्ड बैठक में भी इसी तरह के नारों से गूंजा था आसमान? डेढ साल का कार्यकाल हो गया, अभी भी कंपनी का जलवा कायम है श्रीमान? कहने वाले ने कहा देखना अब ये है कि मंत्री जी की मौजूदगी इस मुद्दे पर क्या दिखायेगी असर? शोर मचाने वालों ने तो नहीं छोड़ी है कोई भी कसर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है नगर निगम के अधिकतर चेहरों ने अब लगा ली है मंत्री जी से ही आस? पता चला है बोर्ड बैठक से अगले दिन नगर निगम के सात ठेकेदार पहुंचे थे अपनी शिकायत लेकर उनके पास? कहा था कि स्थानीय ठेकेदारों की जगह लखनऊ वाले ठेकेदारों को ढूंढ-ढूंढ कर दिया जा रहा है काम? हमने जो टेंडर भरे थे उनमें से 90 प्रतिशत का किस्सा कर दिया गया है तमाम? ऐसी स्थितियों में कैसे करेंगे हम ठेकेदार काम? सुना है मंत्री जी ने इन सबकी बातों को गौर से सुना है? कह दिया है चिंता मत करो, हर सूरत में निकालाया जायेगा आपकी समस्या का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बर सौलंकी के नगर निगम में इन दिनों रॉकेट से दिखाई दे रहे हैं तेवर? हम देख रहे थे वो कर रहे थे अधिकारियों की आंखों में आंख मिलाकर बात? नहीं कर रहे थे कोई भी फेवर? सुना है बैठक से एक दिन पहले किराये की दुकानों वाले मैटर पर भी उन्होंने खींचा था मैडम ताकतवर का ध्यान? कहा था अगर वो दुकानों के बेचने का प्रस्ताव हम बोर्ड में लाये, तो वो एक झटके में धड़ाम हो जायेगा साहिबान? सुना है उनके तर्कों ने दिखाया असर? बोर्ड बैठक में किराये की दुकानों का जिक्र नहीं हुआ? जो भगवा सौलंकी ने चाहा ऑफ्टर ऑल वही हुआ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट जनप्रतिनिधि के अपने समर्थकों को लेकर दिल में जज्बात रहते हैं काफी खास? इस बात का हुआ हमें बोर्ड बैठक के दौरान एहसास? हमने देखा जब प्रस्तावों वाली सूची पर करवाया मैम्बर भाटी ने गौर? कहा जो सूची में काम है वो तो पहले ही हो चुका तमाम है? इस बात को जानकर सभी हो गये हैरान? तब हैवीवेट वालों ने अपने प्रिय भाटी की चिंता की? कहा अगर ये काम पहले ही हो चुका है तो कोई बात नहीं? 20 लाख के कोटे से अलग से इनके वार्ड में कोई और प्रस्ताव तैयार करा दो? थोड़ी सी तो लिफ्ट भाटी जी के लिए करा दो?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले और कमल वाले दो गोयल चेहरे खड़े हुए थे एक दूसरे के नियर? दोनों की चेहरे की मुस्कुराहट करा रही थी दोनों के बीच में बहुत ही शिद्दत वाली मोहब्बत का एहसास? जब दोनों के बीच में किसी ने मारा मौके पर शब्दों का तीर? तब दोनों की फेस रीडिंग गजब की दिख रही थी साहब? कहने वाले ने कहा अगर आप दोनों की पार्टी दे दें, आपको टिकट तो फिर कौन करेगा यहां पर अपनी दावेदारी कुर्बान? सुना है ये सुनकर देखते ही बन रहा था हाथ वाले गोयल का चेहरा? जैसे वो कहना चाह रहे हों, अगर ऐसा हुआ तो हम हो जायेंगे एक झटके में कुर्बान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किआजकल फिर साथ में दिखाई देने लगी हैं भगवा जय और वीरू की जोड़ी? जय के दिल में है उपाध्यक्ष बनने की प्रेशर से भरे हुए कूकर वाली चाहत? वहीं वीरू के दिल में भी अंगड़ाईयां हैं थोड़ी-थोड़ी? हमें पता है भगवा वीरू की ये चाहत धीरे-धीरे उनके मन में बना रही है बड़ा स्थान? देखना अब ये है कि जब मामला बराबरी का आयेगा? तो फिर कौन करेगा दोस्ती की खातिर अपनी चाहत को कुर्बान? हमें पता है पिछले कार्यकाल में जय भैया ने गेम फिनिशर के सामने नहीं डाले थे हथियार? क्या मामला कुछ ऐसा ही बना तो वो फिर करेंगे इस रवैये को इख्तियार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डिवाइस वितरण हेतु क्रियान्वयन बैठक आयोजित





**समयान्तराल ईकेवाईसी करें पूर्ण, शत-प्रतिशत हो सके छात्र-छात्राओं को डिवाइस उपलब्ध : अभिनव गोपाल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डिवाइस (स्मार्ट फोन/टैबलेट) वितरित करने की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि दिनांक 20 अक्टूबर 2024 तक संस्थाओं के पास जो डिवाइस हैं उनको शत-प्रतिशत वितरित किया जाये एवं छात्र-छात्राओं की ईकेवाईसी के कार्य को संस्थाएं कक्षाओं में ही पूरा कराएं और प्रत्येक दिन यह कार्य किया जाना आवश्यक है, जिससे कि ईकेवाईसी का कार्य पूरा करने के बाद समय से छात्र-छात्राओं को डिवाइस उपलब्ध कराए जा सकें।

जनपद के शैक्षणिक संस्थान एमएमएच कॉलेज, कमकुश कॉलेज ऑफ लॉ, आईएमआईआरसी कॉलेज ऑफ लॉ और मॉर्डन डिग्री कॉलेज द्वारा समीक्षा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया, जिसके लिए नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में केडी मिश्र, जिला समन्वयक (यू.पी.एस.डी.एम.)/ प्रधानाचार्य नोडल आई0टी0आई0 उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, गाजियाबाद, अरुण कुमार पाण्डेय, (एम0आई0एस0 मैनेजर), मंजीत शाही, (डी0पी0एम0) एवं राहुल कुमार, (डाटा ऑपरेटर) एवं जनपद के शैक्षणिक संस्थानों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती के जन्मदिन को उनके मित्रों परिजनों समर्थको ने खास बनाया। सोशल मीडिया पर बर्थडे की धूम रही। स्मार्ट फिटनेस और सौम्य स्वभाव वाले युवा पीसीएस अधिकारी की बर्थडे वाली यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।